दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 229

ग्वालियर, सोमवार 09 मई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

ताजमहल के बंद 22 कमरों से खुलेगा रहस्य हाईकोर्ट में दाखिल हुई याचिका

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में एक याचिका दायर कर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को ताजमहल के 22 बंद कमरों की जांच करने का निर्देश देने की मांग की गई है जिससे पता लगाया जा सके कि वहीं हिंदू देवताओं की मूर्तियां तो नहीं हैं। याचिका में एएसआई द्वारा एक तथ्य-खोज समिति के गठन और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया है कि बंद दरवाजों के पीछे हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियों को बंद करके रखा है। याचिका में कुछ इतिहासकारों और हिंदू समूहों द्वारा स्मारक के पुराने शिव मंदिर होने के दावों का भी हवाला दिया गया है। याचिका में कहा गया है कि कुछ हिंदू समूह और प्रतिष्ठित संत इस स्मारक को कई इतिहासकारों व तथ्यों द्वारा समर्थित पुराने शिव मंदिर के रूप में दावा कर रहे हैं। वहीं, कई इतिहासकार इसे मुगल सम्राट शाहजहां द्वारा निर्मित ताजमहल के रूप में मानते हैं। कुछ लोगों का यह भी मानना है कि तेजो महालय उर्फ ताजमहल एक ज्योतिर्लिंग यानि उत्कृष्ट शिव मंदिरों में से एक प्रतीत होता है। याचिका में आगे कहा गया है कि यह सम्मानपूर्वक प्रस्तुत किया जाता है कि चार मंजिला इमारत के ऊपरी और निचले हिस्से (लगभग 22 कमरे) में स्थित कुछ कमरे स्थायी रूप से बंद हैं। पीएन ओक जैसे इतिहासकार और करोड़ों हिंदू उपासकों का दृढ़ विश्वास है कि उन लॉक रूम में भगवान शिव का मंदिर मौजूद है। ताजमहल को लंबे समय से हिंदूवादी संगठन तेजोमहल होने का दावा कर रहे हैं।

भीषण गर्मी के कहर से जा सकती है भारत-पाकिस्तान में हजारों लोगों की जान!

वैज्ञानिकों ने गर्महवाओं को लेकर किया आगाह

नई दिल्ली। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव अब दिखने लगे है। दक्षिण एशियाई इलाकों में हीटवेव अपना कहर दिखा रहा है। जलवायु वैज्ञानिकों का कहना है कि पिछले दो महीनों में भारत और पाकिस्तान में विनाशकारी गर्मी देखने को मिली है। हीटवेव के कारण हजारों लोगों की जान जा सकती है। वैज्ञानिकों ने ये भी चेतावनी दी है कि अगर जलवायु परिवर्तन को नहीं रोका गया तो इससे भी बदतर हालात पैदा हो सकते हैं। इस सप्ताह पब्लिश किए गए एक शोध में वैज्ञानिकों ने ये भी कहा कि अगर ग्लोबल वार्मिंग न भी हो तो भी दक्षिण एशिया गर्म ही रहता है। मार्च और अप्रैल में भारत और पाकिस्तान के ज्यादातर हिस्सों में गर्मी देखने को मिली है। 100 करोड़ से ज्यादा लोग इस समय 40 डिग्री सेल्सियस के झुलसाने वाले तापमान में रह रहे हैं।

जबकि अभी साल के सबसे गर्म दिन आने बाकी हैं। जलवायु विज्ञान अनुसंधान करने वाली एक गैर लाभकारी संस्था बर्कले अर्थ के प्रमुख वैज्ञानिक रॉबर्ट रोडे ने ट्वीट कर चेतावनी दी है कि ये हीटवेव जानलेवा साबित हो सकती है और इससे हजारों लोगों की जान जा सकती है। इसमें सबसे ज्यादा बुजुर्ग प्रभावित होंगे। भारत के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अनुसार, 1980 के बाद से भारत में हीटवेव मृत्यु दर में अब तक 60 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के प्रमुख पेटेरी तालस ने कहा कि गर्मी का सबसे ज्यादा बुरा असर कृषि, ऊर्जा उत्पादन और पानी पर पड़ रहा है। हवा की गुणवत्ता खराब हुई है और बड़े पैमाने पर आग लगने का खतरा बढ़ा है। बिजली की डिमांड भी तेजी से बड़ी है, जिसके कारण पिछले हफ्ते ब्लैकआउट देखने को मिला।

ओमिक्रॉन के इतने सारे वैरिएंट्स क्यों मिल रहे क्या कोरोना फिर से कहर मचाएगा

नई दिल्ली। अभी तक हममें से अनेक लोग कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट से भलीभांति अवगत हो चुके होंगे। संक्रमण के इस चिंताजनक स्वरूप ने महामारी का रुख बदल दिया, जिससे दुनियाभर में मामलों में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई। हम साथ ही ओमिक्रॉन के नए उप-स्वरूपों जैसे कि बीए.2, बीए.4 और अब बीए.5 के नाम सुन रहे हैं। चिंता की बात यह है कि ये उप-स्वरूप लोगों को पुन- संक्रमित कर सकते हैं जिससे मामलों में वृद्धि आ रही है। सार्स-सीओवी-2 समेत सभी वायरस लगातार उत्परिवर्तित होते हैं। ज्यादातर उत्परिवर्तन के एक व्यक्ति से दूसरे को संक्रमित करने या गंभीर रूप से बीमार करने की क्षमता पर बहुत कम या न के बराबर असर होता है। जब एक वायरस कई बार उत्परिवर्तित हो जाता है तो इसे अलग वंशावली माना जाता है। लेकिन एक वायरस वंशावली को तब तक स्वरूप नहीं माना जाता जब कि कई अनोखे उत्परिवर्तन नहीं कर लेता। यही बीए वंशावली की वजह है जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ओमिक्रॉन बताया है। चूंकि ओमिक्रॉन तेजी से फैलता है और इसे उत्परिवर्तन के कई मौके मिलते हैं तो अपने खुद के कई विशिष्ट उत्परिर्तन होते हैं। इससे उप-स्वरूपों का जन्म होता है।



15 से 21 मई के बीच दो कैरेबियाई देशों जमैका और एसवीजी का दौरा करेंगे राष्ट्रपति कोविंद

नई दिल्ली। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 15 मई से जमैका और सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइन्स (एसवीजी) के एक सप्ताह के दौरे पर रहेंगे। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इन दो कैरिबियाई देशों की पहली यात्रा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा कैरिबियाई क्षेत्र के देशों के साथ भारत के उच्च-स्तरीय जुड़ाव की निरंतरता को दर्शाती है और छोटे विकासशील द्वीपीय देशों के साथ काम करने की प्रतिबद्धता पर जोर देती है। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 15 से 21 मई तक जमैका और सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइन्स (एसवीजी) की आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह इन देशों की किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की पहली यात्रा होगी। उन्होंने कहा कि कोविंद 15 से 18 मई तक जमैका में रहेंगे, इस दौरान वह अपने समकक्ष, जमैका के गवर्नर जनरल सर पैट्रिक एलन के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। कोविंद वहां के प्रधानमंत्री एंड्रयू होल्नेस और अन्य गणमान्य व्यक्तियों से भी मुलाकात करेंगे। मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रपति जमैका की संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को भी संबोधित करेंगे। जमैका में 70,000 प्रवासी भारतीय रहते हैं, जो भारत के साथ एक जीवंत सेतु का काम करते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि 2022 में भारत और जमैका के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 60 वर्ष पूरे हुए हैं। अपनी यात्रा के दूसरे चरण में कोविंद 18 से 21 मई तक एसवीजी का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, %%यात्रा के दौरान, वह अपने समकक्ष गवर्नर जनरल सुसान डौगन के साथ चर्चा करेंगे।

यूक्रेन के गांव में स्कूल पर रूसी सैनिकों ने की बमबारी, 60 लोगों के मरने की आशंका

कीव। यूक्रेन के एक गांव बिलोहोरीवका के एक स्कूल को लक्ष्यकर रूसी सैनिकों द्वारा की गई बमबारी में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि मलबे में दब तक अन्य 60 लोगों के मारे जाने की आशंका है। रविवार को देश के लुहांस्क क्षेत्र के गवर्नर शेरी गैदाई ने यह जानकारी दी। गैदाई ने कहा कि रूस ने शनिवार को उस स्कूल पर बम गिराया जिसमें करीब 90 लोगों ने शरण ले रखी थी। उन्होंने कहा कि उनमें से 30 लोगों को बचा लिया गया है। सोशल मीडिया पर लिखे पोस्ट में गैदाई ने कहा कि उनमें से 7 लोग घायल हैं। उन्होंने कहा कि इमारत के मलबे में दबे 60 लोगों के मारे जाने की आशंका है। यूक्रेन के शहर मारीपोल पर कब्जे के बाद रूसी सेना डोनेस्क, लुहांस्क और खार्कीव पर लगातार बड़े हमले कर रही है। यूक्रेन के दूसरे बड़े शहर खारकीव पर कब्जे की लड़ाई में यूक्रेनी सेना के जवाबी हमलों को कमजोर करने के लिए रूसी सेना ने शनिवार को इलाके के तीन पुलों को उड़ा दिया। खारकीव क्षेत्र में बोहोडुखीव रेलवे स्टेशन के नजदीक बनाए गए शस्त्रागार को भी रूसी सेना ने मिसाइल हमले में नष्ट कर दिया। यूक्रेन पर जारी हमलों के बीच मास्को में रविवार को विजय दिवस परेड की ड्रेस रिहर्सल हुई।

पाक में आटा महंगा नहीं होने दूंगा, चाहे अपने कपड़े बेचने पड़ें: शरीफ



इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आटा महंगा होने की आशंका के बीच प्रधनमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि वह देश में आटा मंहगा नहीं होने देंगे, चाहे इसके लिए उन्हे अपने कपड़े बेचने पड़ें। गौरतलब है कि इस साल गेहूं का उत्पादन करीब 30 लाख टन कम होने का अनुमान है। ऐसे में गेहूं की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने खैबर पख्तूनख्वा के शांगला जिले की बिशम तहसील में पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) की जनसभा को संबोधित करते हुए प्रांत में आटे की कीमतें कम करने का संकल्प भी लिया। शरीफ ने घोषणा की कि वह अच्छी तरह से जानते हैं कि प्रांत में आटे की कीमतों को कैसे कम किया जाए। उन्होंने प्रांतीय सरकार को अपने खर्च पर आटे की कीमतों में कमी करने का निर्देश दिया। रिपोर्ट के अनुसार, देश के प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि 28.89 मिलियन टन के लक्ष्य के मुकाबले गेहूं का उत्पादन 26.173 मिलियन टन होने का अनुमान है, जबकि अनुमानित खपत करीब 30.79 मिलियन टन होगी। इस कमी का कारण गेहूं की खेती के लिए जमीन, पानी, उर्वरक की कमी और समर्थन मूल्य की घोषणा में देरी है। साथ ही तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और सामान्य से पहले हीटवेव का चलना भी इसकी वजह है। इन कारणों से उत्पादन में 2 प्रतिशत की कमी आई है। रूस-यूक्रेन युद्ध ने भी पाकिस्तान में गेहूं की भारी कमी पैदा कर दी है। पीएम शरीफ ने इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सरकार की आलोचना की।

सिर्फ कांग्रेस गरीबों, मध्यम वर्गीय परिवारों के कल्याण के लिए करती है काम - राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में वृद्धि को लेकर रविवार को सरकार पर हमला तेज करते हुए कहा कि केवल उन्हीं की पार्टी गरीबों और मध्यम वर्गीय परिवारों की भलाई के लिए काम करती है। गौरतलब है कि शनिवार को रसोई गैस के दाम प्रति सिलेंडर 50 रुपये तक बढ़ा दिए गए हैं, जो बीते छह हफ्तों से अधिक समय में गैस की कीमतों में दूसरी वृद्धि है। राहुल ने एक ट्वीट में घरेलू सिलेंडर के दामों की तुलना की। उन्होंने बताया कि 2014 में कांग्रेस नीत सरकार में एलपीजी सिलेंडर की कीमत 827 रुपये की सब्सिडी के साथ 410 रुपये थी, जबकि 2022 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार के तहत इसकी कीमत 999 रुपये से अधिक है और 'सब्सिडी' 'शून्य' है।

खास खबर

एक ही परिवार के पांच सदस्य खदान में डूबे

डोंबिवली। मुंबई से सटे डोंबिवली के पास संदप गांव में एक खदान पर कपड़ा धोने आये एक ही परिवार के 5 सदस्यों की खदान में डूबने से मौत हो गई. संदप गांव के साथ-साथ देसाले पाड़ा, भोपर आदि आसपास के इलाकों में पानी की किल्लत है. इस कारण इस क्षेत्र के नागरिक कपड़े धोने के लिए संदप गांव में खदान पर आते हैं। कल शाम करीब छह बजे देसाले पाड़ा से गायकवाड़ परिवार की 2 महिलाएं और 3 बच्चे इस खदान में कपड़े धोने आए थे. उस वक्त यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। इस बीच घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे और उन 5 लोगों के शव निकाले। मनपाड़ा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर उनके परिजनों को सौंप दिया। मृतकों की पहचान देसालेपाड़ा निवासी अपेक्षा गायकवाड़ (30), मीरा गायकवाड़ (55), मयूरेश गायकवाड़ (15), मोक्ष गायकवाड़ (13) और नीलेश गायकवाड़ (15) के रूप में हुई है. पुलिस घटना की आगे की जांच कर रही है।

अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका, मृतकों की संख्या बढ़कर 5 हुई

सहारनपुर। यूपी के सहारनपुर जिले के गांव में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए धमाके में अब 2 और लोगों की मौत हो गई है, इससे इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच पर पहुंच गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने रविवार को बताया कि सरसावा क्षेत्र के बंलवतपुर गांव के पास एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने के बाद बारूद में हुए धमाके की घटना में घायल दो और लोगों की देर रात अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके साथ ही हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर पांच पर पहुंच गई। तोमर के मुताबिक, मृतकों में फैक्ट्री के लाइसेंस धारी राहुल के साथ-साथ सागर, कार्तिक, वर्धनपाल और सुमित शामिल हैं। वहीं, वंश नामक एक घायल को नाजुक स्थिति के चलते पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। गौरतलब है कि सरसावां क्षेत्र के सोराना गांव के पास एक पटाखा फैक्ट्री में अचानक आग लगने से बारूद में हुए भीषण विस्फोट में फैक्ट्री के लाइसेंस धारक समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि शवों के चीथड़े दूर-दूर तक बिखर गए थे। हादसे के समय फैक्ट्री में लगभग 12 मजदूर काम कर रहे थे।

सीमा की रक्षा करने वालों को सुविधाएं मुहैया कराना सर्वोच्च प्राथमिकता : राजनाथ

नई दिल्ली। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की सीमा की रक्षा करने वालों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास सुनिश्चित करना सरकार की व्यापक रक्षा रणनीति का एक प्रमुख हिस्सा है। राजनाथ सिंह ने कहा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता उन लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराना है, जो हमारी सुरक्षा के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं, जो इस देश की सीमा के पहरेदार हैं। रक्षामंत्री ने देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए बीआरओ की भी सराहना की। पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास का उदाहरण देते हुए सिंह ने कहा कि यह अब देश के समग्र विकास के लिए नया प्रवेश द्वार बन गया है। उन्होंने कहा कि मानव सभ्यता की यात्रा में सड़कों का बहुत महत्व रहा है।

चक्रवाती तूफान असानी के बंगाल की खाड़ी से पूर्वी तट के समानांतर बढ़ने के आसार

भुवनेश्वर। बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान असानी के बंगाल की खाड़ी से पूर्वी तट के समानांतर बढ़ने के आसार हैं। इसका दबाव क्षेत्र सुबह करीब 5.30 बजे विशाखापत्तनम से 970 किलोमीटर पुरी के दक्षिण-दक्षिण पूर्व में केंद्रित था। आईएमडी ने कहा, चक्रवात के उत्तर-पश्चिम की तरफ बढ़ने और अगले 24 घंटों के दौरान पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी में एक भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की आशंका है। मौसम विभाग ने कहा कि चक्रवाती तूफान के 10 मई तक उत्तर-पश्चिम की दिशा में और बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र से सटे उत्तर आंध्र प्रदेश एवं ओडिशा के तटों की ओर बढ़ने के आसार हैं। इसके बाद, यह उत्तर-उत्तर पूर्वी दिशा की तरफ मुड़कर ओडिशा तट की ओर बढ़ सकता है। आईएमडी के महानिदेशक (डीजी) मृत्युंजय मोहपात्रा ने स्पष्ट किया था कि चक्रवात के ओडिशा या आंध्र प्रदेश के तटवर्ती क्षेत्रों से टकराने की आशंका नहीं है, लेकिन यह समुद्र में तटीय क्षेत्र के समानांतर गमन करेगा। मौसम विभाग ने कहा कि चक्रवात के तटीय क्षेत्र से टकराए बिना अगले हफ्ते तक कमजोर पड़ने की संभावना है। विभाग के मुताबिक, चक्रवात के प्रभाव से उत्तरी आंध्र प्रदेश और ओडिशा के तटों पर मंगलवार से तेज हवाएं चलने और बारिश होने की आशंका है। विभाग ने बताया कि चक्रवाती तूफान का नाम 'असानी' रखा गया है, जो 'क्रोध' के लिए इस्तेमाल सिंहली का शब्द है। आईएमडी ने रविवार सुबह 8.30 बजे जारी बुलेटिन में कहा, ''अगले 24 घंटों के दौरान तूफान के उत्तर-पश्चिम की तरफ बढ़ने और पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक गंभीर चक्रवाती तूफान में परिवर्तित होकर और तेज होने की आशंका है।'' आईएमडी द्वारा चक्रवात के पूर्वानुमान के अनुसार, चक्रवात के 10 मई की शाम तक उत्तर-पश्चिम की तरफ बढ़ने और उत्तरी आंध्र प्रदेश व ओडिशा के तटों से बंगाल की खाड़ी के पश्चिम-मध्य एवं उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र तक पहुंचने के आसार हैं। इसके बाद, इसके उत्तर-उत्तर-पूर्व की तरफ मुड़ने और ओडिशा तट से दूर बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र की ओर बढ़ने की प्रबल संभावना है। आईएमडी के मुताबिक, चक्रवात के सोमवार को बंगाल की खाड़ी में 60 समुद्री मील (111 किलोमीटर प्रति घंटा) की गति से आगे बढ़ने की उम्मीद है। उत्तरी आंध्र प्रदेश और ओडिशा के तटों की ओर बढ़ने के साथ भीषण चक्रवाती तूफान के मंगलवार से धीरे-धीरे कमजोर होने का अनुमान है।



मुख्यमंत्री योगी ने किए मां पीतांबरा पीठ के दर्शन, ललितपुर में मोरारी बापू की कथा सुनेंगे

ललितपुर। झांसी में रात्रि विश्राम के बाद रविवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दतिया पहुंचे। वहां उन्होंने मां पीतांबरा पीठ के दर्शन किए। इस दौरान उनके साथ मध्य प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा भी मौजूद थे। योगी ने पीतांबरा माई के दर्शन कर वन खंडेश्वर महादेव का जलाभिषेक भी किया। दर्शन के बाद मुख्यमंत्री ललितपुर में समीक्षा बैठक के लिए रवाना हो गए हैं। रास्ते में गुलारा गांव में जल जीवन मिशन परियोजना के तहत विकास कार्यों की समीक्षा की। इसके बाद वह मोरारी बापू की कथा में शामिल होंगे। इससे पूर्व शनिवार देर शाम झांसी से वीडियो कांफ्रेंसिंग से ललितपुर के अफसरों से रूबरू हुए मुख्यमंत्री योगी ने पाली की सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता से थाने में रेप प्रकरण पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से असंतुष्ट दिखे। पीड़िता के पहली बार शिकायती पत्र देने के बाद त्वरित कार्रवाई न होने पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक को आड़े हाथों लिया। साथ ही आरोपितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन सहित समस्त निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। विडियो कांफ्रेन्सिंग के दौरान ललितपुर जनपद की बारी आने पर मुख्यमंत्री पाली प्रकरण को लेकर तल्ख हो गए। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने कार्यालय में समय से नहीं बैठते हैं। इसीलिए रेप पीड़िता के संबंध में पहले शिकायती पत्र को पीआरओ ने मार्क करके पाली थाने भेजा था। जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। यह सुनते ही पुलिस अधीक्षक सहित सभी अधिकारियों का पसीना छूट गया। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि चाइल्ड लाइन के साथ किशोरी के एसपी कार्यालय आने और उसके बयान दर्ज करने के बाद पीड़िता को महिला पुलिस की सुपुर्दगी में क्यों नहीं दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यही नहीं रुके, उन्होंने कहा कि पुलिस ने सही ढंग से अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई। उन्होंने पुलिस अधीक्षक की ओर से बताई गई कार्रवाई को अपर्याप्त बताया और जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए।

विधि विधान के साथ खुले बद्रीनाथ धाम के कपाट

देश-विदेश से आये हजारों श्रद्धालु कपाट खुलने के साक्षी बने

बद्रीनाथ। विश्व प्रसिद्ध बद्रीनाथ धाम के कपाट रविवार सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि विधान के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ के लिए खोल दिए गए। ग्रीष्मकाल के छह माह अब श्रद्धालु भगवान बद्रीविशाल के दर्शन व पूजा अर्चना बद्रीनाथ मंदिर में कर सकेंगे। कपाटोद्घाटन के अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से गेंदे के फूलों से सजाया गया था। सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों एवं जय बद्रीविशाल के जयकारों के साथ देश-विदेश से आये हजारों श्रद्धालु कपाट खुलने के साक्षी बने। श्री बद्रीनाथ मंदिर के कपाट खुलते ही चारधाम की यात्रा विधिवत शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि 3 मई को श्री गंगोत्री व श्री यमुनोत्री धाम और 6 मई को श्री केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ के लिए खोले गए। दो साल कोविड के कारण चारधाम यात्रा प्रभावित रही। लेकिन इस बार कपाट खुलने के दौरान से ही भारी संख्या में श्रद्धालु व भक्तगण चार धामों में पहुंचे है तथा यह सिलसिला लगातार जारी है। बद्रीनाथ धाम में कपाटोद्घाटन के अवसर पर श्रद्धालु व भक्तजन देर रात से ही भगवान बद्रीविशाल के दर्शन करने हेतु कतार पर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं द्वारा बारी बारी से भगवान बद्रीविशाल के दर्शन किये। इस अवसर पर श्री बद्रीनाथ धाम के मुख्य पुजारी श्री रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी, नायब रावल अमरनाथ नंबूदरी, धर्माधिकारी आचार्य भुवन चंद्र उनियाल, बद्री केदार मंदिर सामिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय, उपाध्यक्ष किशोर पंवार, विधायक बद्रीनाथ राजेन्द्र भंडारी, पूर्व विधायक महेंद्र भट्ट, डीजीपी अशोक कुमार, आशुतोष डिमरी, वीरेंद्र असवाल, हरीश सेमवाल, जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, एसपी श्वेता चैबे, सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

न्यूज़ ट्रैक....

बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो में हम पीछे रहे : अय्यर

मुम्बई । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर की टीम को आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। इस हार से निराश अय्यर ने कहा, 'लखनऊ ने हमें बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में पीछे छोड़ा। पावरप्ले में हमारी शुरुआत खराब रही और डेथ ओवरों में भी हमने काफी रन दे दिये। हम पिच का अंदाज नहीं समझ पाये। हमने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया जो गलत रहा। हम उन्हें 155-160 पर रोक सकते थे लेकिन हमें अंत में एक अच्छा लक्ष्य मिला।' हम छोटी-छोटी चीजों से लाभ नहीं उठा पाये। बीच के ओवरों में हम अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे। हमें पावरप्ले और डेथ ओवरों में अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत थी। हमें इसका आंकलन करने और वापसी करने की जरूरत है। अगले 3 मैचों में हमें ऐसा ही करना होगा।' वहीं विजेता लखनऊ ने आईपीएल के इस सत्र में लगातार चौथी जीत दर्ज की और 2 अहम अंक हासिल किए। इससे वह बेहतर नेट रन रेट की बदौलत 16 अंक लेकर पहले स्थान पर पहुंच गई है।

केकेआर के लिए सबसे ज्यादा रन देने वाले गेंदबाज बने मावी

मुम्बई । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज शिवम मावी लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले में असफल रहे। मावी ने एक ही ओवर में 5 छक्के लगाकर 30 रन दे दिए। इसी के साथ ही मावी के नाम अपनी टीम का एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया। वह कोलकाता नाइटराइडर्स के लिए 1 ओवर में सबसे ज्यादा रन देने वाले गेंदबाज बन गए। इससे पहले उन्होंने साल 2018 में दिल्ली के खिलाफ 1 ओवर में 29 रन दिये थे।

चीन में कोरोना संक्रमण के कारण अब डायमंड लीग प्रतियोगिताएं भी रद्द

मोनाको । कोरोना वायरस संक्रमण बढ़ने के कारण चीन में एशियाई खेलों के बाद अब दो और बड़ी खेल प्रतियोगिताओं डायमंड लीग ट्रैक को भी रद्द कर दिया गया है। आयोजकों का कहना है कि शंघाई और शेंजेन में सत्र के बीच में होने वाली डायमंड लीग ट्रैक प्रतियोगिताओं को चीन में कड़ी पृथकवास की शर्तों और यात्रा पाबंदियों के कारण रद्द कर दिया गया है। वहीं इसकी जगह अब पोलैंड में 6 अगस्त से एक स्थानापन्न प्रतियोगिता करायी जायेगी। गौरतलब है कि डायमंड लीग सीरीज ज्यूरिख में 7-8 सितंबर को डायमंड लीग फाइनल के साथ ही समाप्त होगी। इन दोनों डायमंड लीग प्रतियोगिताओं को पिछले साल भी कोरोना वायरस संक्रमण के कारण रद्द कर दिया गया था।

विकेट नहीं मिलने से परेशान नहीं राशिद

मुंबई । गुजरात टाइटंस के स्पिन राशिद खान ने कहा है कि वह विकेट नहीं मिलने को लेकर परेशान नहीं हैं क्योंकि उनकी गेंदबाजी किफायती रही है और वह विरोधी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में सफल रहे हैं। राशिद ने अभी तक इस 15 वें सत्र में 6.84 की औसत से 11 मैचों में 11 विकेट लिए हैं। इस स्टार स्पिनर ने कहा, 'टी20 में गेंदबाजी में विकेट लेना हमेशा ही विशेष होता है पर मेरी सोच अलग है क्योंकि मेरा लक्ष्य हमेशा इकॉनामी पर रहा है। यही वजह है कि मैं बल्लेबाजों पर दबाव बनाने में सफल रहा हूं। उन्होंने कहा, 'हालांकि दूसरे सत्रों की तुलना में इस साल मुझे कम विकेट मिले हैं।

ग्रीष्मकालीन बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर शुरु

इन्दौर । इन्दौर जिला बैडमिंटन संगठन द्वारा नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हाल में आयोजित 43वें ग्रीष्मकालीन बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन इन्दौर के स्टाक्स रजिस्ट्रार डॉ. पवन कुमार ने किया। किड्स वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल प्राचार्य कमल नैयर ने अध्यक्षता की। इन्दौर जिला बैडमिंटन संगठन अध्यक्ष किशन ओझा, सचिव आरपी सिंह नैयर और सह-सचिव धर्मेश यशलला, पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी उत्तम चौबे आदि भी मौजूद थे। शिविर में सुधांशु व्यास, मनीष त्रिवेदी और रुबी नैयर प्रशिक्षण दे रहे हैं। पवन कुमार ने बच्चों से कहा कि वे शिविर का फायदा उठाते हुए बेहतर खिलाड़ी बनें, सालभर नियमित खेलें ताकि तंदरुस्त रहें। इन्दौर जिला बैडमिंटन संगठन अध्यक्षकिशन ओझा, सचिव आर पी सिंह नैयर, कार्यकारिणी सदस्य सुधांशु व्यास, ननन्ही खिलाड़ी कनिष्का ने अतिथियों का स्वागत किया। इन्दौर जिला बैडमिंटन संगठन सह सचिव धर्मेश यशलला ने संचालन किया। बैडमिंटन शिविर 23 मई तक चलेगा। शिविर के अंत में शिविरार्थियों के लिए स्पर्धा होगी। बच्चे नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हाल में सालभर नियमित प्रशिक्षण भी प्राप्त कर सकेंगे।

आईपीएल के बाद इंग्लैंड और वेस्टइंडीज दौरे पर जाएगी भारतीय टीम

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम का आईपीएल के बाद बेहद वयस्त कार्यक्रम है। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया को पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज खेलनी है। उसके बाद यह इंग्लैंड और वेस्टइंडीज दौरे पर जाएगी। वेस्टइंडीज में भारतीय टीम को को तीन एकदिवसीय और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने को मिलेंगे। इस प्रकार होने वाली तीन सीरीज को देखते हुए कई युवा खिलाड़ियों को भी टीम में अवसर मिल सकता है। भारतीय टीम वेस्टइंडीज में होने वाले पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से एक या दो मैच अमेरिका के फ्लोरिडा शहर में भी खेलेगी। वहीं वेस?टइंडीज के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच क?र्वोस पार्क ओवल में 22, 24 और 27 जुलाई को खेले जाएंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 29 जुलाई को ब्रायन लारा चार्ल्स स्टेडियम खेला जाएगा। इसके बाद 1 और 2 अगस्त को सेंट किट्स एंड नेविस वॉर्नर पार्क दूसरा और तीसरा टी20 मुकाबला खेला जाएगा। फिर भारतीय टीम फ्लोरिडा में 6 और 7 अगस्त को आखिरी दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। इस बार वेस्टइंडीज टीम की कप्तानी निकोलस पूरन करेंगे। वहीं भारत का इंग्लैंड और आयरलैंड का दौरा अगले माह जून में शुरू होगा। भारतीय टीम इंग्लैंड के अपने दौरे की शुरुआत 26 जून से डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के साथ करेगी। इस सीरीज के बाद टीम इंडिया गत वर्ष कोरोना संक्रमण के कारण नहीं हो पाये एक टेस्ट मैच को खेलेगी।

आईपीएल में सनराइजर्स और आरसीबी के बीच हुआ मुकाबला

मुंबई । सनराइजर्स हैदराबाद रविवार को आईपीएल में रॉयल चैलैंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) से खेलेगी। इस मैच में दोनो ही टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले की संभावनाएं हैं। इस मैच में दोनो ही टीमों के प्रमुख बल्लेबाज बल्लेबाज केन विलियमसन और विराट कोहली बड़ी पारी खेलकर अपने आलोचकों को जवाब देना चाहेंगे। यह दोनो ही इस सत्र में अब तक बड़ा स्कोर नहीं बना पाये हैं। इसलिए इस मैच में अब यह दोनो अधिक से अधिक रन बनाकर अपनी-अपनी टीमों को जीत दिलाना चाहेंगे। कोहली ने इस सत्र में अब तक केवल एक अर्धशतक लगा है। पिछले मैच में वह सीएसके के खिलाफ बड़ी पारी नहीं खेल पाये थे। वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स के कप्तान विलियमसन भी अच्छी शुरुआत के बाद भी अब तक बड़ी पारियां नहीं खेल पाये हैं। सनराइजर्स को अपने पिछले तीन मैच में लगातार हार का सामना करना पड़ा है। इससे जहां उसका मनोबल गिरा है। वहीं वह अंकतालिका में भी छठे स्थान पर खिसक गयी है। अपने प्रमुख स्पिनर वाशिंगटन सुंदर ओर तेज गेंदबाज टी नटराजन के चोटिल होने से भी सनराइजर्स की मुश्किलें बढ़ी हैं। यह दोनों ही इससे पहले हुए मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नहीं खेल पाये थे। टीम के तेज गेंदबाज उमरान मलिक भी दिल्ली के खिलाफ अपनी रफ्तार का लाभ नहीं उठा पाये। कैपिटल्स के बल्लेबाजों ने उमरान के खिलाफ जमकर रन बनाये। वहीं बल्लेबाजी में अभिषेक शर्मा से सनराइजर्स को अच्छी शुरुआत मिलती रही है पर उन्हें बड़ी पारी भी खेलनी होगी। कार्तिक त्यागी और श्रेयस गोपाल को भी अपनी ओर से योगदान देना होगा। निकोलस पूरन

पिछले कुछ समय से अच्छे रन बना रहे हैं और टीम को उनसे इस मैच में भी बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी।

सनराइजर्स हैदराबादः केन विलियमसन (कप्तान), अभिषेक शर्मा, राहुल त्रिपाठी, एडेन मार्कराम, निकोलस पूरन, अब्दुल समद, प्रियम गर्ग, विष्णु विनोद, ग्लेन फिलिप्स, आर समर्थ, शशांक सिंह, वाशिंगटन सुंदर, रोमेरियो शेफर्ड, मार्को यानसन, जे सुचित, श्रेयस गोपाल, भुवनेश्वर कुमार, सीन एबॉट, कार्तिक त्यागी, सौरभ तिवारी, फजलहक फारूकी, उमरान मलिक, टी नटराजन।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोरः फाफ डुप्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, मोहम्मद सिराज, फाफ डुप्लेसी, हर्षल पटेल, वानिंदु हसरंगा, दिनेश कार्तिक, जोश हेजलवुड, शाहबाज अहमद, अनुज रावत, आकाश दीप, महिपाल लोमरोर, फिन एलन, शेरफेन रदरफोर्ड, जेसन बेहरेनडॉर्फ, सुयश प्रभुदेसाई, चामा मिलिंद, अनीश्वर गौतम, कर्ण शर्मा, डेविड विली, रजत पाटीदार, सिद्धार्थ कौल।

आईपीएल अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंची सुपरजायंटस

गुजरात दूसरे और राजस्थान तीसरे स्थान पर

मुम्बई । आईपीएल के 15 वें सत्र में लखनऊ सुपरजायंटस की टीम गुजरात टाइटंस को पीछे छोड़ते हुए अंक तालिका में पहले स्थान पर पहुंच गयी है। लखनऊ ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को हराकर अंक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। वहीं एक अन्य मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स की टीम पंजाब किंग्स को हराकर तीसरे स्थान पर पहुंची है। राजस्थान के अब 11 मैचों से 14 अंक हो गए हैं और उसे प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अब केवल एक और जीत की ही जरुरत है।

पंजाब के 11 मैच में 5 जीत के साथ 10 अंक हैं और वह 7वें स्थान पर ही बनी हुई है। पंजाब की टीम को अब प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अपने बचे हुए तीनों ही मैच जीतने होंगे। इससे उसके 16 अंक हो जाएंगे। वहीं पंजाब की टीम अगर ऐसा करने में विफल रहती है तो दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद को प्लेऑफ में जगह बनाने में आसानी होगी।

केकेआर को प्लेऑफ में बने रहने के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच जीतना जरूरी था पर वह इसमें नाकाम रही जिससे उसके प्लेऑफ में जाने की संभावनाएं समाप्त हो गयी हैं क्योंकि बचे हुए तीनों मैच जीतने की हालत में भी उसके 14 अंक ही होंगे।

आईपीएल ने सिखाया कठिन हालातों के बीच खेलना : रबाडा

मुंबई । पंजाब किंग्स की ओर से खेल रहे दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से उन्होंने सीखा है कि किया प्रकार दबाव के बीच भी कठिन हालतों में अच्छा प्रदर्शन किया जा सकता है। रबाडा ने कहा कि आईपीएल आपको सिखाता है कि दबाव में कैसे प्रदर्शन करना है। इसमें हर दिन एक खेल कठिन है। किसी तरह, हमेशा एक करीबी खेल होता है, चाहे आप किसी भी टीम के लिए खेलें। यह एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट है। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसा आप वास्तव में कर सकते हैं। कभी ब्रेक नहीं मिलता है, हर गेंद एक घटना है। रबाडा ने माना कि इस सत्र में गर्मी में खेलना एक कठिन चुनौती होगी क्योंकि दोनों पक्षों के खिलाड़ियों की फिटनेस का स्तर ठेस परीक्षण के तहत आता है। यह गर्म है। मैं वास्तव में यहां बाहर खड़ा हूँ और मौसम यह इतना गर्म होने की उम्मीद नहीं थी। लेकिन यह कुछ ऐसा है जिससे हमें निपटना है। जाहिर है यह एक चुनौती होने वाली है रबाडा को लगता है कि विश्लेषकों के जुड़ने से खेल अधिक पेशेवर हो गया है और इस तरह के माहौल में गेंदबाजों को अपने अनुभव पर भरोसा करने की जरूरत है।

व्यापारन्यूज

बैंक शाखाएं बंद करने के बारे में अभी कोई फैसला नहीं हुआ: सेंट्रल बैंक

नई दिल्ली । सरकारी बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने कहा है कि चालू वित्तीय वर्ष के दौरान बड़ी संख्या में शाखाओं को बंद करने के बारे में अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। हालांकि, बैंक ने कहा कि शाखाओं को फिर से अलाइन करना या ट्रांसफर करना एक रेगुलर प्रैक्टिस है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने शाखाओं को बंद करने को लेकर मीडिया में आई खबरों के संबंध में एक स्पष्टीकरण में कहा ?कि हम एतद्द्वारा सूचित करते हैं कि वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान बड़ी संख्या में शाखाओं को बंद करने के बारे में अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है। बैंक ने कहा कि कॉरपोरेट व्यवसाय के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक बैंक के लिए नियमित आधार पर शाखाओं को फिर से अलाइन करना, ट्रांसफर करना, विलय करना, बंद करना या खोलना एक रेगुलर प्रैक्टिस है। बयान में कहा गया है ?कि हम अपने प्रिय ग्राहकों और अन्य सभी हितधारकों को आश्वस्त करते हैं कि उनके हित अच्छी तरह से सुरक्षित हैं। हाल ही में एक रिपोर्ट में कहा गया था कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया अपनी करीब 600 ब्रांच को बंद करने जा रहा है। बैंक की वित्तीय हालत ठीक नहीं है और उसे दुरुस्त करने के लिए ऐसा करना पड़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया था कि बैंक की मार्च 2023 के अंत तक नुकसान में चल रही 600 शाखाओं को बंद करने या मर्ज करने की योजना है।

आईएचसीएल एसेट-लाइट मॉडल और स्वामित्व वाले होटलों में साधेगी संतुलन

कोलकाता । टाटा समूह की समर्थित कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड ने कहा कि आगामी दिनों में कंपनी स्वामित्व वाली संपत्तियों और एसेट-लाइट संपत्तियों को बराबर संख्या में बनाए रखेगी। आईएचसीएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ताज ब्रांड के लग्जरी होटलों के स्वामित्व वाले आईएचसीएल में अभी 50 फीसदी संपत्तियां एसेट-लाइट मोड में है। एसेट-लाइट का मतलब संपत्तियों में स्वामित्व कम करने से होता है। कोलकाता के न्यू टाउन में ताज सिटी सेंटर की शुरुआत करते हुए आईएचसीएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुनीत चटवाल ने कहा ?कि हम 50 फीसदी संपत्ति एसेट-लाइट रखना चाहते हैं और बाकी स्वामित्व वाली या किराए की संपत्तियां रखना चाहते हैं।

शेयर बाजार समीक्षा : कच्चे तेल के दाम और रुपए का उतार-चढ़ाव भी बाजार की चाल तय करेंगे

वैश्विक रुख और वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

नई दिल्ली । इस सप्ताह वैश्विक बाजारों का रुख, मुद्रास्फीति, औद्योगिक उत्पादन के आंकडे और कंपनियों के तिमाही प?रिणाम शेयर बाजारों की चाल तय करेंगे। बाजार के ?विशेषज्ञों का मानना है कि सप्ताह के दौरान वैश्विक स्तर पर भी कई वृहद आर्थिक आंकड़े आने हैं जिसकी वजह से बाजारों में उतार-चढ़ाव कायम रह सकता है। इसके अलावा विदेशी कोषों का प्रवाह, कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपए का उतार-चढ़ाव भी बाजार की चाल तय करेंगे। बाजार के जानकारों का कहना है ?कि वैश्विक बाजारों का रुख, डॉलर इंडेक्स का उतार-चढ़ाव तथा कच्चे तेल के दाम बाजार को प्रभावित करते रहेंगे। इसके अलावा 11 मई को अमेरिका के मुद्रास्फीति के आंकड़े आने हैं, जबकि 12 मई को भारत के महंगाई और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े आने हैं। निश्चित रूप से बाजार की दृष्टि से ये आंकड़े महत्वपूर्ण रहेंगे। उन्होंने कहा कि बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के नतीजों की अब अंतिम खेप आना शेष है। इस वजह से कुछ शेयर विशेष

गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। सप्ताह के दौरान एसबीआई, टाटा मोटर्स, एलएंडटी, यूपीएल, टेक महिंद्रा और सिप्ला जैसी बड़ी कंपनियां तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। उनका कहना है कि सबसे पहले बाजार रिलायंस इंडस्ट्रीज के तिमाही नतीजों पर प्रतिक्रिया देगा जिसकी घोषणा शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद हुई है।

इसके अलावा रूस-यूक्रेन युद्ध और अन्य बाजारों का प्रदर्शन भी यहां असर डालेगा। वृहद आर्थिक मोर्चे पर 12 मई को औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े आएंगे। बाजार की निगाह इन आंकड़ों पर रहेगी। तेल रिफाइनिंग मार्जिन में जोरदार उछाल, दूरसंचार और डिजिटल सेवा क्षेत्र की सतत वृद्धि और खुदरा कारोबार के लगातार मजबूती से आगे बढ़ने के बीच रिलायंस के मुनाफे में बढ़ोतरी हुई है। इस सप्ताह बाजार दुनियाभर के महंगाई के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देगा। वृहद आर्थिक आंकड़ों, तिमाही नतीजों के अलावा सप्ताह के दौरान कई आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) भी खुलने जा रहे हैं। ऐसे में बाजार में अभी उतार-चढ़ाव कायम रहेगा। अमेरिका और चीन के मुद्रास्फीति के आंकड़ों से वैश्विक बाजारों का रुख तय होगा।

सेंसेक्स की 10 प्रमुख कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.85 लाख करोड़ घटा

नई दिल्ली । बीते सप्ताह सेंसेक्स की 10 प्रमुख कंपनियों के बाजार पूंजीकरण सामूहिक रूप से 2,85,251.65 करोड़ रुपए कम हो गया है। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार मूल्यांकन 42,847.49 करोड़ रुपए टूटकर 12,56,152.34 करोड़ रुपए रह गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 36,984.46 करोड़ रुपए के नुकसान से 7,31,068.41 करोड़ रुपए रह गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 20,558.92 करोड़ रुपए घटकर 5,05,068.14 करोड़ रुपए रह गया। समीक्षाधीन सप्ताह में आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 16,625.96 करोड़ रुपए टूटकर 5,00,136.52 करोड़ रुपए पर और भारती एयरटेल का 16,091.64 करोड़ रुपए के नुकसान से 3,90,153.62 करोड़ रुपए पर आ गया। एचडीएफसी के मूल्यांकन में 13,924.03 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 3,90,045.06 करोड़ रुपए पर आ गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 10,843.4 करोड़ रुपए घटकर 4,32,263.56 करोड़ रुपए रह गई। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 10,285.69 करोड़ रुपए घटकर 6,49,302.28 करोड़ रुपए रह गया। अडाणी ग्रीन एनर्जी की बाजार हैसियत 2,322.56 करोड़ रुपए घटकर 4,49,255.28 करोड़ रुपए पर आ गई।

पेट्रोल और डीजल की कीमत 32वें दिन भी स्थिर

नई दिल्ली । अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 110 डालर प्रति बैरल पार करने के बावजूद देश में तेल विपणन कंपनियों ने रविवार को 32वें दिन भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार र?विवार को दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपए प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपए प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपए प्रति लीटर पर स्थिर है। यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में घट-बढ़ जारी है। अंतरराष्ट्रीय लंदन ब्रेंट क्रूड 112.39 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 2.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 110.61 डालर प्रति बैरल की कीमत पर कारोबार कर रहा है।

पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों का है यह असर

भारत में लोगों ने रिकॉर्ड तोड़ ईवी की खरीदारी की

नई दिल्ली । भारत में पिछले एक साल में लोगों ने रिकॉर्ड तोड़ ईवी की खरीदारी की है। इसी के साथ वित्त वर्ष 2021-22 में, गैर-पनबिजली नवीकरणीय ऊर्जा की नई क्षमता 15.5 गीगावाट रही, जबकि पिछले वित्त वर्ष में महज 7.7 गीगावाट क्षमता स्थापित की गई थी। यह बात काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर-सेंटर फॉर एनर्जी फाइनेंस (सीईईडब्ल्यू-सीईएफ) की मार्केट हैंडबुक के नए संस्करण में सामने आई है, जिसे आज जारी किया गया है।

इसके अलावा वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान, कुल कोयला आधारित बिजली उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 33 प्रतिशत की कमी देखी गई। जबकि बिजली की अधिकतम मांग (पीक पॉवर डिमांड) काफी ऊंचाई तक पहुंच गई, इसी के चलते मार्च 2022 में बिजली की अधिकतम मांग आपूर्ति में 1.4 गीगावाट की कमी रही, जो मार्च 2021 में सिर्फ 0.5 गीगावाट थी। भारत

की अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता (पनबिजली सहित) 150 गीगावाट रहने के कारण यह 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन से 500 गीगावाट बिजली उत्पादन क्षमता स्थापित करने के लक्ष्य से काफी दूर है।

2030 के लक्ष्य को पाने के लिए अभी सालाना लगभग 40 गीगावाट क्षमता स्थापित करने की जरूरत होगी।इस बारे में सीईईडब्ल्यू-सीईएफ के डायरेक्टर गगन सिद्धू ने कहा, 'वित्त वर्ष 2020-21 की तुलना में 2021-22 में नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता बढ़ोतरी में 100 प्रतिशत से ज्यादा उछाल अच्छा है लेकिन हाल में बिजली सेक्टर पर आए दबाव के कारण कई राज्यों को बिजली कटौती की आशंकाओं का सामना करना पड़ रहा है। इसने ऊर्जा जरूरतों में तापीय बिजली की भविष्य में भी केंद्रीय भूमिका बनी रहने के तथ्य को रेखांकित किया है। हालांकि, नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता में बढ़ोतरी तापीय ऊर्जा की सप्लाई संबंधी समस्याओं को काफी हद तक दूर कर सकती है, लेकिन इसके लिए नवीकरणीय ऊर्जा की एक बड़ी कमी-इंटरमिटेंसी (प्राकृतिक कारणों से आने वाला व्यवधान, जैसे धूप न होने पर सौर ऊर्जा का उत्पादन रुक जाना) को दूर करने के लिए बड़े पैमाने पर बैटरी स्टोरेज स्थापित करने की जरूरत है। हाइब्रिड और चौबीसों घंटे (आर-टी-सी) जैसे बिजली खरीद के नए प्रारूप भी इंटरमिटेंसी से कुछ हद तक सुरक्षा देते हैं। दिलचस्प बात यह है कि वित्त वर्ष 2021-22 में 17.5 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता की नीलामी हुई।

केंद्रीय मंत्री ने आरसीएफ के दो नए उर्वरकों को पेश किया

नई दिल्ली । केंद्रीय रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री भगवंत कुबा ने सार्वजनिक उपक्रम राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ) के दो नए उत्पादों को बाजार में पेश किया। इन उत्पादों में एनपीके उर्वरक का एक नया ग्रेड सुफला 10:26:26% है जो सभी फसलों और हर प्रकार की मिट्टी के लिए उपयुक्त है। दूसरा उत्पाद आरसीएफ की अनुसंधान और विकास इकाई द्वारा विकसित विपुला 10:10:10% है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक मंत्री ने मुंबई के चेंबूर में आरसीएफ की ट्रॉम्बे इकाई में इन उत्पादों का अनावरण किया। सुफला 10:26:26 एक संतुलित उर्वरक है और सभी फसलों और हर किस्म की मिट्टी के लिए उपयुक्त है। इसमें एनपीके उर्वरकों में से उच्चतम अनुपात में फास्फोरस और पोटेशियम होता है। सुफला जड़ की वृद्धि और उसके विकास में मदद करता है, और पौधे की शक्ति को अधिकतम करता है। यह धान, गन्ना, गेहूं के मामले में टिलर की संख्या और कपास, फलों और सब्जियों में शाखाओं की संख्या में भी वृद्धि करता है। यह फलों, कंदों, गूलरों, अनाजों की संख्या में सुधार करता है।

फिल्में फ्लॉप हुईं तो लोगों को मेरी एक्टिंग खटकने लगी: परिणीति चोपड़ा

परिणीति चोपड़ा अब तक कई छोटी-बड़ी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। हालांकि, उनकी कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट रहीं और कुछ औंधे मुंह गिरी। शुरुआत में परिणीति को देख लगा कि वह भी अपनी चचेरी बहन प्रियंका चोपड़ा की तरह सुपरस्टार बनने की फिराक में हैं, लेकिन धीरे-धीरे परिणीति के करियर की गाड़ी पटरी से उतरने लगी और उनका ग्रेज दर्शकों के बीच कम हो गया। आइए जानते हैं अपने बॉलीवुड करियर को लेकर परिणीति ने क्या कहा। परिणीति ने कहा, अगर एक एक्टर के अंदर प्रतिभा है और वह अपनी उस प्रतिभा का प्रदर्शन सबके सामने कर रहा है तो वो ही उसके लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा, कई ऐसे कलाकार हैं, जो प्रतिभाशाली हैं, लेकिन उन्हें अपना हुनर दिखाने का मौका नहीं मिलता। इससे दुर्भाग्यपूर्ण क्या हो सकता है कि टैलेंट होते हुए भी आप उसे दिखा ना पाएं। शुक्र है कि मेरे साथ ऐसा नहीं है। परिणीति ने आगे कहा, मेरी शुरुआती फिल्में काफी अच्छी थीं। उन फिल्मों के लिए मैंने कई पुरस्कार अपने नाम किए। चारों ओर मेरी सराहना हुई। हर कोई मेरी एक्टिंग की तारीफ कर रहा था। उन्होंने कहा, हैरानी की बात है कि अचानक जब मेरी फिल्में असफल होने लगीं तो लोग मेरी अदाकारी पर सवाल खड़े करने लगे। मैं यह सुनकर सचमुच पक गई थी कि मैंने अपनी तरफ से बेहतरीन शॉट नहीं दिया, जबकि ऐसा कुछ नहीं था। परिणीति ने कहा, किसी ने यह नहीं कहा कि फिल्म खराब है या फिल्म मेरे मतलब की नहीं है। सब मुझे कोसने लगे। यही वजह है कि मैंने संदीप और पिंकी फरार , द गर्ल ऑन द ट्रेन और साइना जैसी फिल्मों में काम करने के लिए हामी भरी। उन्होंने कहा, मैं नहीं चाहती थी कि कोई मेरी प्रतिभा पर उंगली उठाए। मैंने तय कर लिया कि मैं ऐसी ही फिल्मों में काम करूंगी, जिनमें मेरा टैलेंट उभरकर आए। परिणीति ने 2011 में रणवीर सिंह की फिल्म लेडिज वर्सेस रिकी बहल के साथ डेब्यू किया था। परिणीति की शुरुआत काफी जबरदस्त रही। इसके बाद अर्जुन कपूर अभिनीत फिल्म इश्कजादे आई, जिससे उन्हें असली फेम मिला। शुद्ध देसी रोमांस में भी उनके काम की सराहना हुई। 2014

माधुरी दीक्षित फिर सजाएंगीं मुजरे से महफिल, संजय लीला भंसाली की हीरा मंडी में आएंगीं नजर!

बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित को अगर आप फिर से बड़े पर्दे पर देखने का इंतजार कर रहे हैं तो यह खबर आपके लिए है. फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली एक बार फिर से माधुरी दीक्षित के साथ काम करने जा रहे हैं. फिल्म देवदास में चन्द्रमुखी के किरदार से लाखों दिलों में राज करने वाली माधुरी, संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरा मंडी में नजर आ सकती हैं. माना जा रहा है कि फिल्म में संजय लीला माधुरी के डांस का जादू एक बार फिर से दिखाना चाहते हैं. खबर है कि फिल्म देवदास के बाद माधुरी दीक्षित एक बार फिर निर्देशक संजय लीला भंसाली के प्रोजेक्ट के लिए मुजरा कर सकती हैं. एक रिपोर्ट में सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया है कि भंसाली को लगता है कि डांस में माधुरी जैसा ग्रेस कोई नहीं ला सकता. इसलिए उन्होंने माधुरी दीक्षित को चुना. संजय लीला हीरा मंडी को भी भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं. फिल्म में माधुरी एक स्पेशल गाने में मुजरा करते हुए देखी जाएंगीं. इसके लिए माधुरी को अच्छी-खासी रकम भी ऑफर की गई है. माधुरी ने भंसाली का ऑफर स्वीकार कर लिया है. उन्हें निर्देशक का आइडिया और गाना पसंद आया है. बताया जा रहा है यह आठ से दस दिनों का शेड्यूल होगा।

ब्रोकन बट ब्यूटीफुल 3 में अपने बोल्ड और हॉट सीन्स पर बोली सोनिया राठी

टीवी की क्वीन एकता कपूर की मशहूर वेब सीरीज ब्रोकन बट ब्यूटीफुल का तीसरा सीजन इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। आपको बता दें कि ब्रोकन बट ब्यूटीफुल सीजन 3 की रिलीज का फैंस बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहा है। हालांकि अब जल्द ही ये वेब सीरीज रिलीज होने वाली है। लेकिन इससे पहले मेकर्स ने वेब सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। जिसको दर्शकों द्वारा काफी ज्यादा पसंद किया गया है। ब्रोकन बट ब्यूटीफुल 3 वेब सीरीज में मुख्य किरदार के रूप में सिद्धार्थ शुक्ला और सोनिया राठी नजर आने वाले हैं। जिसमें इन दोनों की केमिस्ट्री को देखकर फैंस भी बड़ी ही बेसब्री से रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। सिद्धार्थ शुक्ला और सोनिया राठी के बीच हॉट और रोमांटिक केमिस्ट्री भी देखने को मिलती है।

आर बाल्की की साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म में नजर आएंगे दुलकर सलमान

दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने माने अभिनेता दुलकर सलमान बॉलीवुड के उभरते हुए कलाकार हैं। इन्होंने काफी कम समय में बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाई है। काफी समय से खबर चल रही थी कि दुलकर मशहूर निर्देशक आर बाल्की की आगामी फिल्म में नजर आने वाले हैं। अब चर्चित सिनेमेटोग्राफर पीसी श्रीराम ने इस खबर पर अपनी मुहर लगा दी है। बाल्कि ने इससे पहले पैडमैन जैसी सफल फिल्म का निर्देशन किया है। सिनेमेटोग्राफर श्रीराम ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर बताया है कि बाल्की की फिल्म में उनके साथ दुलकर दिखने वाले हैं। श्रीराम ने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, मेरा अगला प्रोजेक्ट बाल्कि के साथ होगा, जिसमें दुलकर सलमान भी शामिल होंगे। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। काम शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। खबरों की मानें तो फिल्म की शूटिंग कोरोना वायरस की दूसरी लहर कम होने के बाद शुरू होगी। मेकर्स फिल्म की शूटिंग मुंबई में शुरू करने पर विचार कर रहे हैं। वह इस शहर में बरसात के मौसम में फिल्म को शूट करेंगे। फिल्म की टीम जुलाई के अंत में इस प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू कर सकती है। यह दुलकर का बॉलीवुड में पहला प्रोजेक्ट नहीं है। दुलकर बाल्की के साथ अपनी तीसरी हिन्दी फिल्म पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कारवां (2018) और द जोया फैक्टर (2019) में अपने अभिनय का जलवा बिखेरा है। दुलकर ने 2012 में आई फिल्म सेकेंड शो के साथ दक्षिण भारतीय फिल्मों में अपना पदार्पण किया था। बाल्की की बात करें तो उन्होंने 2007 में आई फिल्म चीनी कम से एक निर्देशक के रूप में बॉलीवुड की फिल्मों में डेब्यू किया था। इसके बाद वह पा और की एंड का जैसी फिल्मों को निर्देशित कर चुके हैं। उन्होंने आखिरी बार अक्षय कुमार और विद्या बालन की फिल्म मिशन मंगल का निर्देशन किया था। दुलकर मलयालम आइकन ममूटी के बेटे हैं। दुलकर के वर्कफ्रंट की बात करें उन्हें कई मलयालम फिल्मों में देखा जा सकता है। वह अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म कुरुप को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में वह

अजान पर विवाद

देशभर में छिड़े लाउडस्पीकर पर अजान के विवाद के बीच एक बार फिर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपना फैसला दिया है। इस फैसले में हाई कोर्ट ने कहा है कि लाउडस्पीकर पर अजान मौलिक अधिकार नहीं है। बदायूं की नूरी मस्जिद के मुतवल्ली इरफान की ओर से दायर याचिका को जस्टिस विवेक कुमार बिरला और जस्टिस विकास बधवार की बेंच ने खारिज कर दिया। इरफान ने कोर्ट से मांग की थी कि सरकार और प्रशासन को मस्जिद में लाउडस्पीकर/माइक लगाने की इजाजत देने का निर्देश दिया जाए। उसने यह भी दलील दी कि एसडीएम का फैसला अवैध है और उसके मौलिक अधिकारों का हनन है। कोर्ट ने इरफान की दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि कानून तय हो चुका है कि मस्जिद पर लाउडस्पीकर का इस्तेमाल मौलिक अधिकार नहीं है। कोर्ट ने इरफान के तर्कों को अस्वीकार करते हुए याचिका को खारिज कर दिया। लाउडस्पीकर से अजान पर विवाद की शुरुआत महाराष्ट्र से हुई थी। इसके बाद यह मुद्दा कर्नाटक पहुंच गया और वहां कई हिंदू संगठनों ने मस्जिदों से लाउडस्पीकर के माध्यम से निकलने वाली आवाज को बंद करने की मांग की। अब यह मसला इन दो रा'यों से आगे बढ़ चुका है। वर्तमान में अनेक प्रकार के प्रदूषण निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। वायु प्रदूषण से तो मानवता जूझ ही रही है, अनेक कारणों से ध्वनि प्रदूषण भी लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे जन स्वास्थ्य के समक्ष खतरे बढ़ते ही जा रहे हैं। यातायात के साधनों से लेकर फैक्टरियों आदि तक से निकलने वाला ध्वनि प्रदूषण हमें इसलिए भी बर्दाश्त करना पड़ता है, क्योंकि विकास की वर्तमान परिभाषा को सार्थक करने के लिहाज से ऐसा काफी हद तक आवश्यक भी है, यह बात अलग है कि नवोन्मेष के माध्यम से अब इनमें भी ध्वनि प्रदूषण को कम किया जा रहा है। इसके अलावा, कई ऐसे अन्य कारक भी हैं जिनसे ध्वनि प्रदूषण की गंभीरता बढ़ रही है। ऐसे में धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर से जुड़े विवाद के साथ विचार मंथन भी शुरू हो गया है कि कहीं धर्म की आड़ में लाउडस्पीकर का बढ़ता चलन मानव के जीवन के अधिकार में खलल तो नहीं डाल रहा है। ध्यातव्य है कि जिस प्रकार देश का सभी विधान सभी लोगों पर समान रूप से लागू होता है, उसी प्रकार ध्वनि प्रदूषण संबंधी विधान भी सभी पर समान रूप से लागू होना चाहिए। ईश्वर की आराधना में शोर-शराबे और लाउडस्पीकर जैसे आडंबर की क्या आवश्यकता? गौरतलब है कि इलाहाबाद हाई कोर्ट ने वर्ष 2020 में फैसला दिया कि अजान इस्लाम का एक हिस्सा है, लेकिन लाउडस्पीकर से अजान देना इस्लाम का हिस्सा नहीं है। चिंता की बात यह है कि धार्मिक स्वतंत्रता के नाम पर ध्वनि प्रदूषण फैलाया जाता है जो वास्तव में हमारे सभ्य और शिक्षित समाज में चौंकाने वाला है। चूंकि लाउडस्पीकर यानी ध्वनि विस्तारक यंत्र एक हालिया वैज्ञानिक नवाचार है, इसलिए इस तरह के यंत्र के उपयोग का किसी भी पवित्र ग्रंथ में कोई उल्लेख नहीं मिलता है। हमें विदित होना चाहिए कि सबसे पहले मनुष्य आया फिर धर्म और उसके बाद लाउडस्पीकर जैसे यंत्र। इसलिए हकीकत है कि लाउडस्पीकर का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष किसी भी प्रकार से धर्म से कोई संबंध नहीं है। यह तो हम सबकी मानसिकता ही धीरे-धीरे ऐसी बनती गई कि मानो अब बिना लाउडस्पीकर के ईश्वर की पूजा आराधना ही नहीं की जा सकती। शायद ही कभी हम सबने सोचा हो कि लाउडस्पीकर किसी भी व्यक्ति के जीवन के अधिकार में बाधा भी डालता है। मालूम होना चाहिए कि ध्वनि प्रदूषण जीवन के अधिकार से जुड़ा हुआ मामला है और संविधान के तहत प्रत्येक नागरिक को यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार वहीं रुक जाता है।

पी एम मोदी की नीसहत या निशाना!

विनोद तकियावाला

नरेंद्र मोदी सरकार की मंशा सब कुछ देश में एक समान करने की है,लेकिन इसमें सफलता नहीं के बराबर मिल पाई है। पेट्रोल–डीजल व ईंधन गैस की कीमतें न केवल आसमान छू रही हैं,बल्कि उनमें असमानता भी कम नहीं है. राजधानी दिल्ली से नौएडा में घुसते ही कीमतों का बड़ा फर्क दिख जाता है।पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य सरकारों को नसीहत दी कि वे चाहें तो पेट्रोल–डीजल पर अपने राज्य की वैट कम कर उनकी कीमतों में कमी ला सकते हैं।

इसे गैर भाजपा शासित राज्य सरकारों पर लगाए गए एक निशाने के नजरिए से भी देखा जा रहा है,जबकि यह विपक्ष की निगाह में राजनीतिक पैंतरेबाजी % व सिमायत के सिवाय और कुछ नहीं है।

प्रधानमंत्री के द्वारा विगत दिनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों की आनलाइन बैठक में पेट्रोल और डीजल से वैट नहीं घटाने वाले सात राज्यों के नाम तक गिनाए। उन पर केंद्र सरकार द्वारा करीब पांच माह पहले कम किए गए टैक्स के फायदे से नागरिकों को वंचित रखने का आरोप भी लगाया ।

इस संवाद के जरिए पीएम मोदी ने जनता के साथ जुड़ने और उन्हें केंद्र सरकार का एक सकारात्मक संदेश देने की कोशिश की।

सवाल है कि यह नौबत क्यों है? पीएम के मन के मुताबिक राज्य सरकारें जनता की जेब से पैसे निकाल कर अपना राजकोष भरने की कोशिश में क्यों रहती है? उल्लेखनीय है कि नम्बर 2021 में ईंधन से उत्पाद शुल्क घटा लिया था और राज्यों से भी वैट टैक्स को लेकर कटौती की अपील की थी।कुछ राज्यों ने तो आगे बढ़कर करों में कटौती कर दी,लेकिन कई राज्य ऐसा नहीं कर पाए.

माना कि पीएम मोदी ने मुख्यमंत्रियों के साथ बातचीत करते हुए किसी की व्यक्तिगत आलोचना नहीं करने की बात कही,लेकिन महाराष्ट्र,पश्चिम बंगाल, तेलंगाना,आंध्रप्रदेश, केरल,झारखंड और तमिलनाडु से वैट कम करने और स्थानीय लोगों को लाभ देने का अनुरोध जरूर किया.वे सभी राज्या गैर भाजपा शासित राज्य हैं. पीएम के 'राष्ट्र हित' में पेट्रोल-डीजल पर से वैट घटा कर आम आदमी को राहत देने की अपील पर थोड़ी ही देर में सियासत शुरू हो गई।विभिन्न राज्यों से विपक्षी नेताओं के बयान सामने आने लगे।महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने पेट्रोलियम उत्पादों से वैट घटाने की अपील पर करारा जवाब दे डाला. वह महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस से भिड़ गए. फडनवीस ने भी उद्धव के बयान पर जबरदस्त पलटवार किया.

यह सभी जानते हैं कि राज्यो के पास वैट टैक्स कम करने का मतलब उनके राजस्व में कमी का आना है।जिस कारण राज्य सरकारों ऐसा नहीं किया. प्रधानमंत्री के द्वारा दिये गये इस बयान पर विपक्षी भला कहां पीछे रहने वाला था. उन्होंने अपना मजबूत पक्ष रखते हुए कहा कि राज्यो के हिस्से का जीएसटी की मोटी रकम केन्द्र सरकार के पास बकाया है।उधर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी ने पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क से 26 लाख करोड़ रुपये कमाए,जो उन्हों कच्चे तेल की कीमतों आने वाली कमी से मिले. केंद्र ने इसे राज्यों के साथ साझा नहीं किया।

उन्होंने कहा कि आपने राज्यों को जीएसटी का हिस्सा समय पर नहीं दिया ऊपर से हमें राज्यों से वैट को और कम करने के लिए कहते हैं।जब कि उन्हें स्वंय केंद्रीय उत्पाद शुल्क कम करना चाहिए और बाद मै फिर दूसरों को वैट कम करने के लिए सलाह देनी चाहिए।

पीएम मोदी के द्वारा उठा ये गये इस मुद्दे के बाद एक बार फिर से डीजल-पेट्रोल पर वेट पर बहस की राजनीति शुरू हो गयी है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी इसी के साथ शुरू हो गया है।डीएमके सांसद और महाराष्ट्र सीएम ने जबरदस्त प्रतिक्रिया दी है. डी एम के सांसद टी के एस एलनगोवन ने पेट्रोल पर वैट घटाने को लेकर केंद्र को जवाब देते हुए कहा कि पीएम मोदी सीधे तौर पर विपक्षी दलों की ओर से शासित राज्यों को पेट्रोल से वैट घटाने को कह रहे हैं।पी एम भाजापा शासित राज्यो गुजरात और कर्नाटक की राज्यों से टैक्स कम करने को नहीं कहते हैं।केंद्र सरकार द्वारा इकट्ठा किया गए टैक्स की मात्रा इन राज्यों के द्वारा इकट्ठा किए गए टैक्स की मात्रा का तीन गुना है.

उन्होने कहा कि केंद्र सरकार एक ओर 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की बात तो करती है,लेकिन संकट के समय में पी एस यू बेची जा रही है।महाराष्ट्र सी एम की ओर से राज्यों से पेट्रोल डीजल पर वैट घटाने को लेकर कहा गया राज्य की जनता को राहत देने के लिए राज्य सरकार की ओर से नेचुरल गैस पर टैक्स राहत दी गई है. इसे बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इस पर वैट को 13.5फीसदी से घटाकर महज 3 फीसदी कर दिया है।पेट्रोल -डीजल व ईंधन की राजनीति के पेतरेंबाजी व प्रधान मंत्री की अपील पर केन्द्र सरकार की कमान केंद्रीय मंत्री हरदीपपुरी ने सम्भाले हुए हैं. उनका कहना है कि रूस यूक्रेन युद्ध की वजह से क्रूड आयल की कीमतें 19.56 डालर प्रति बैरल से बढ़कर 130 डालर प्रति बैरल तक जा पहुंची है।केंद्र ने तो अपनी जिम्मेदारी लेते हुए उत्पाद शुल्क में कमी कर निभाई है।अब राज्यों की बारी है.

केंद्रीय मंत्री ने कहा देश में कोविड महामारी के बाद भी केंद्र सरकार जनता के लिए लगातार प्रयास कर रही है।अब राज्य आगे आएं और इसकी जिम्मेदारी लें.

उन्होंने केंद्र सरकार की तारीफ में कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में सबसे कम बढ़ोतरी हुई है।पेट्रोल-डीजल और एलपीजी के दामों में सिर्फ 30 फीसदी ही बढ़ोत्तरी हुई है,जबकि केंद्र सरकार ने इसके बदले में अन्य कई जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की है ।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम अभी तक कोरोना महामारी से उबर नहीं पाए हैं. देश के 80 करोड़ लोगों को अभी भी मुफ्त में राशन दिया जा रहा है।केंद्र सरकार ने इससे बचने के लिए अभी भी वैक्सीनेशन अभियान चला रखा है।

व्यापारी के बेटे

एक व्यापारी के दो पुत्र थे। मरने से पहले उसने अपनी संपत्ति दोनों बेटों में बराबर-बराबर बांट दी। एक पुत्र ने अपने व्यापार को काफी बढ़ाया। वह अत्यंत संपन्न होकर समाज के प्रतिष्ठत लोगों में गिना जाने लगा। जबकि दूसरे को व्यापार में घाटा हो गया और उसके परिवार को दो जून की रोटी जुटाने में भी अत्यंत तकलीफें उठानी पड़ीं। अपने भाई की तरक्की और अपनी दुर्दशा देखकर दूसरा भाई एक संत के आश्रम में पहुंचा और बोला, महाराज, मुझे लगता है कि ईश्वर केवल कल्पना है और यदि उसका अस्तित्व कहीं है भी तो वह पक्षपाती है। क्या वह भी पक्षपात करता है? मैं और मेरे भाई दोनों एक ही पिता की संतान हैं। पिता ने दोनों को बराबर हिस्सा दिया। लेकिन वह लगातार तरक्की कर रहा है और मैं रसातल की ओर जा रहा हूं। भला ऐसा क्यों?% उसकी बात सुनकर संत उसे अपने साथ एक बगीचे में ले गए और बोले, देखो, वहां एक कोने में गन्ना बोया हुआ है, दूसरे कोने में चिरायता है, एक ओर चमेली के फूल अपनी सुगंध बिखेर रहे हैं तो दूसरी ओर गुलाब के पौधों पर फूलों के साथ कांटे भी नजर आ रहे हैं । इनकी इस भिन्नता के लिए इन्हें पैदा करने वाली जमीन दोषी या पक्षपाती नहीं है। जैसा बीज बोया गया है वैसा ही फल मिला है। सुख-दुख और उन्नति-अवनति के लिए ईश्वर जिम्मेदार नहीं बल्कि स्वयं मनुष्य जिम्मेदार है। उसके कर्म और संस्कार जिम्मेदार हैं। तुम्हारे भाई ने मेहनत और योग्यता से अपने काम को संभाला तो उसकी उन्नति होती गई, इसके विपरीत तुमने आलस्य और भोग-विलास में अपना समय व्यतीत किया तो तुम्हारा धन धीरे-धीरे खत्म होता गया। तुमने मेहनत की ही कब थी जो ईश्वर को दोष दे रहे हो। जैसा कर्म तुमने किया है वैसा ही फल पाया है।

मातृ दिवस- मां हैं प्रेम, संवेदना और मातृत्व की पराकाष्ठा

रूना शर्मा

सम्पूर्ण मातृ-शक्ति को समर्पित एक महत्वपूर्ण दिवस है, जिसे मदर्स डे, मातृ दिवस या माताओं का दिन चाहे जिस नाम से पुकारें यह दिन सबके मन में विशेष स्थान लिये हुए है। पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दी जाए तो मां के ऋण से उऋण नहीं हुआ जा सकता है। संतान के लालन-पालन के लिए हर दुख का सामना बिना किसी शिकायत के करने वाली मां के साथ बिताये दिन सभी के मन में आजीवन सुखद व मधुर स्मृति के रूप में सुरक्षित रहते हैं। भारतीय संस्कृति में मां के प्रति लोगों में अगाध श्रद्धा रही है, लेकिन आज आधुनिक दौर में जिस तरह से मदर्स डे मनाया जा रहा है, उसका इतिहास भारत में बहुत पुराना नहीं है। इसके बावजूद दो-तीन दशक से भी कम समय में भारत में मदर्स डे काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। मातृ दिवस-समाज में माताओं के प्रभाव व सम्मान का उत्सव है। मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। मां के शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किसी शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। मातृत्व की छाया में मां न केवल अपने बच्चों को सहेजती है बल्कि आवश्यकता पड़ने पर उसका सहारा बन जाती है। समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। मातृ दिवस सभी माताओं का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। एक बच्चे की परवरिश करने में माताओं द्वारा सहन की जानें वालीं कठिनाइयों के लिये आभार व्यक्त करने के लिये यह दिन मनाया जाता है। कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग ने मातृत्व को परिभाषित करते हुए कहा है- सभी प्रकार के प्रेम का आदि उद्गम स्थल मातृत्व है और प्रेम के सभी रूप इसी मातृत्व में समाहित हो जाते हैं। प्रेम गहन, अपूर्व अनुभूति है, पर शिशु के प्रति मां का प्रेम एक स्वर्गीय अनुभूति है।

'मां'-इस लघु शब्द में प्रेम की विराटता-समग्रता निहित है। अणु-परमाणुओं को संघटित करके अनगिनत नक्षत्रों, लोक-लोकान्तरों, देव-दनुज-मनुज तथा कोटि-कोटि जीव प्रजातियों को मां ने ही जन्म दिया है। मां के अंदर प्रेम की पराकाष्ठा है या यूं कहें कि मां ही प्रेम की पराकाष्ठा है। प्रेम की यह चरमता केवल माताओं में ही नहीं, वरन् सभी मादा जीवों में देखने को मिलती है। अपने बच्चों के लिए भोजन न मिलने पर हवासिल (पेलिकन) नाम की जल-पक्षिनी अपना पेट चीर कर अपने बच्चों को अपना रक्त-मांस खिला-पिला देती है। कितनी दयनीय बात है कि देश ने स्त्री की शक्ति के रूप में अवधारणा दी, जिसने पुराणों के पृष्ठों में देवताओं को 4 या 8 हाथ दिये किन्तु देवियों को 108 हाथ दिये, उसी ने स्त्रियों को पुरुषों से नीचा स्थान दिया और उन्हें वेद पढ़ने के अधिकार से वंचित कर दिया और सबसे शोचनीय बात यह है कि उन्हें चारदिवारी में बंद कर दिया।'''मां' को उसकी दैवी सम्मान दिलाना वर्तमान युग की सबसे बड़ी आवश्यकता में से एक है। मां प्राण है, मां शक्ति है, मां ऊर्जा है, मां प्रेम, करुणा और ममता का पर्याय है। मां केवल जन्मदात्री ही नहीं जीवन निर्मात्री भी है। मां धरती पर जीवन के विकास का आधार है। मां ने ही अपने हाथों से इस दुनिया का ताना-बाना बुना है। सभ्यता के विकास क्रम में आदिमकाल से लेकर आधुनिककाल तक इंसानों के आकार-प्रकार में, रहन-सहन में, सोच-विचार, मस्तिष्क में लगातार बदलाव हुए। लेकिन मातृत्व के भाव में बदलाव नहीं आया। उस आदिमयुग में भी मां, मां ही थी। तब भी वह अपने बच्चों को जन्म देकर उनका पालन-पोषण करती थीं। उन्हें अपने अस्तित्व की रक्षा करना सिखाती थी। आज के इस आधुनिक युग में भी मां वैसी ही है। मां नहीं बदली। विक्टर ह्यूगो ने मां की महिमा इन शब्दों में व्यक्त की है कि एक माँ की गोद कोमलता से बनी रहती है और बच्चे उसमें आराम से सोते हैं। मां को धरती पर विधाता की प्रतिनिधि कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। सच तो यह है कि मां विधाता से कहीं कम नहीं है। क्योंकि मां ने ही इस दुनिया को सिरजा और पाला-पोशा है। कण-कण में व्याप्त परमात्मा किसी को नजर आये न आए मां हर किसी को हर जगह नजर आती है। कहीं अण्डे सेती, तो कहीं अपने शावक को, छोने को, बछड़े को, बच्चे को दुलारती हुई नजर आती है। मां एक भाव है मातृत्व का, प्रेम और वात्सल्य का, त्याग का और यही भाव उसे विधाता बनाता है। मां विधाता की रची इस दुनिया को फिर से, अपने ढंग से रचने वाली विधाता है। मां सपने बुनती है और यह दुनिया उसी के सपनों को जीती है और भोगती है। मां जीना सिखाती है।

नेपाल में भारत के साहित्यकारों का हिंदी शंखनाद!

सूडोकु नवताल- 6065

★★★★☆ कठिन

		5			3			
	2			9	5			
9						6		
							3	5
	6						7	
4	8							
		7						3
			2	4			9	
			8			2		

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

सूडोकु नवताल -6064 का हल

4	2	5	8	6	1	9	7	3
7	3	1	9	4	2	8	5	6
6	9	8	7	3	5	4	2	1
1	6	2	3	8	9	5	4	7
9	4	3	5	1	7	6	8	2
8	5	7	4	2	6	3	1	9
2	1	9	6	5	8	7	3	4
5	7	4	1	9	3	2	6	8
3	8	6	2	7	4	1	9	5

डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

नेपाल की राजधानी काठमांडू के आनंद पशुपति भवन में हुए नेपाल भारत साहित्य महोत्सव में भारत की साहित्यिक, सामाजिक व पत्रकारिता जगत की विभूतियों ने सहभागिता निभाई।नेपाल की धरती पर भारत के साहित्यकारों ने हिंदी साहित्य का शंखनाद कर विभिन्न भाषाओं के लिए सेतु बनने का भी महत्वपूर्ण कार्य किया है।इस महोत्सव का हिस्सा रहे भारतीय साहित्यकारों में द्विरका प्रसाद अग्रवाल बिलासपुर, विभारानी सिंह पटना, प्रदीप देवीशरण भट्ट हैदराबाद, अनिला सिंह चाडक जम्मू, रमा निगम भोपाल, नीता चौधरी जमशेदपुर, राधा पांडे सिक्किम, मौ. नसीम अख्तर पटना, डा आलोक कुमार श्रीवास्तव दिल्ली, प्रभु त्रिवेदी इंदौर, हरेराम वाजपेयी इंदौर, ऐश्वर्या सिन्हा जौनपुर, डा मीना कुमारी परिहार बिहार, सावित्री मिश्रा उडीसा, मीरा प्रकाश बिहार, प्रेमलता सिंह राजपूत बिहार, नूतन कुमारी सिन्हा बिहार, कैलाश आदमी भोपाल, त्रिलोक फतेहपुरी हरियाणा, दलबीर फूल हरियाणा, डा राशि सिन्हा नवादा बिहार, रवि भूषण श्रीवास्तव पटना, मनीष शुक्ला लखनऊ, आदित्य प्रताप सिंह रायपुर, महेश भट्ट बनारस, अरविंद कुमार यादव गाजीपुर, गिरीश त्यागी बिजनौर, मोनिका मेहरोत्रा प्रयागराज से उपस्थित रहे।

द्वितीय नेपाल भारत साहित्य महोत्सव के संयोजक नेपाल के वरिष्ठ साहित्यकार राधेश्याम लेकाली ने दोनों देशों के बीच साहित्य संवाद को एक सेतु की संज्ञा दी।इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि ललित कला प्रज्ञा प्रतिष्ठान के कुलपति

के.के. कर्माचार्य ने साहित्य को दो देशों की सीमा से परे का सद्कर्म बताया। कंचना झा व दिनेश डि. सी के संयुक्त कुशल संचालन में तीन दिनों तक साहित्य की गंगा नेपाल में शब्द संवाद के रूप में बहती रही।इस साहित्य महोत्सव कार्यक्रम श्रखंला में बहुभाषी कवि सम्मेलन आयोजित किया गया ,जिसमें भारत व नेपाल के कवियो ने एक से बढ़कर एक रचनाओं के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति को धार दी। मुशायरे का आयोजन कंचना झा के संचालन में किया गया।जिसमे उर्दू अकादमी नेपाल के अध्यक्ष इम्तियाज वफ़ा, पूनम झा, करूणा झा, मोबिन साकिब हारुनी, रेखा यादव, देवी पंथी, कंचना झा, फुरकान फैजी, प्रदीप बोम्ज्ंज, डा मीना कुमारी परिहार, राधा पांडे, मौ. नसीम अख्तर द्वारा कलाम प्रस्तुत किए गए। नेपाल की ललितपुर नगरपालिका प्रतिनिधि द्वारा सभी भारतीय अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें पाटन के विश्व धरोहर मे शामिल दरबार स्क्वायर, कृष्ण मंदिर, गोल्डन टैंपल और संग्रहालय का भ्रमण कराया। इस

साहित्य महोत्सव में भारत की तरफ से उत्तराखंड के वरिष्ठ साहित्यकार श्रीगोपाल नारसन द्वारा हिन्दी का भारतीय उपमहाद्वीप और वैश्विक स्तर पर कल, आज और भविष्य पर लिखित शोधपत्र पढ़ा गया।

जबकि नेपाल की तरफ से प्रमोद प्रधान द्वारा नेपाली साहित्य के अंतरराष्ट्रीयकरण पर प्रश्न व अनुवाद समस्या विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया गया।

वही नेपाल भारत संबंध में संस्कृति की भूमिका विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई।जिसमें डा ऊषा ठाकुर, नीलम कार्की निहारिका ने डा सावित्री मल्ल के संचालन में सहभागिता निभाई।साथ ही नेपाली भाषा मे %साहित्यको विकास र विस्तारमा डायस्पोराको योगदान%विषय पर परिचर्चा की गई।परिचर्चा के संचालक गोविंद गिरी प्रेरणा और सहभागी ज्ञानु अधिकारी, ज्ञानेंद्र गुराल, दामोदर पुडासैनी रहे।

लघुकथा को समर्पित पांचवे सत्र का संयोजन ओम श्रेष्ठ रोदन रहे और सहभागी विभारानी सिंह, रवि भूषण श्रीवास्तव, मीरा प्रकाश, प्रेमलता सिंह, नूतन कुमारी सिन्हा के साथ नेपाली लघुकथाकारो ने निभाई।

साहित्यिक भ्रमण पर भारत व नेपाल के सभी साहित्यकारों को करीब 7500 फिट की ऊंची पहाड़ी पर स्थित चंद्रागिरी पर्वत पर ले जाया गया , जहां सात सूत्रीय काठमांडू घोषणापत्र भी प्रस्तुत किया

...माँ...

माँ! की आवाज ,
गूँज रही अब भी है,
गूँज रही तब भी थी,
अब मैं बूढ़ा हूँ,
तब मैं बच्चा था,

क्यों कि ,
माँ मेरी आत्मा है,
माँ मेरी सांस है,
माँ मेरा विश्वास है,

माँ जब जिन्दा थी ,
मेरी हर कदम बढती थी,
माँ की चाह से,
उस पर विश्वास से,

आज भी ,
माँ की अनुमति,
मुझ पर चलती है,
उनके तस्वीर से,
हर आदेश मिलती है,

पता नहीं क्यों,
उनकी तस्वीर ,
मेरे लिए बड़ी शक्ति है,
तस्वीर को नमन करना,
मेरी प्रशरित है,

बिना नमन किये,
मैं कुछ कर नहीं पाता ,
मार्ग दर्शन कुछ हो नहीं पाता,

मेरे लिए,
माँ मन्दिर है,
माँ मस्जिद है,
माँ गिरजा है
माँ कावा है,

माँ को नमन ,
एक जीवन दर्शन,
धन्य धन्य जीवन,
अनमोल क्षण,

जब तक मैं जिंदा हूं,
तस्वीर में माँ जिन्दी है,
आस्था भरी यह तस्वीर,
मेरे जीवन की लकीर,
खींचती रहेगी,
बढ़ती रहेगी,
धूप - छाँव भरे जीवन को,
सफल करती रहेगी।

दुनिया बहुत बताति राह,
करता नहीं इसकी परवाह ,
जब तक जीवित हूँ,
माँ से बन्धा, माँ का हीं हुं,
शत शत नमन करता हूँ।

मदर्स डे पर विशेषः माता-पिता का सम्मान और सेवा करने वाले ही संस्कारी कहलाते हैंः सुधीर आचार्य

आचार्य आनंद टीम और क्रीड़ा भारतीय की पहल पर बच्चों ने उतारी मां की आरती, किया पूजन

अम्बाह। मदर्स डे के अवसर पर आज़ आचार्य आनंद क्लब और क्रीड़ा भारतीय इकाई अंबाह ने संयुक्त रूप से मातृशक्ति सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मातृशक्ति का पूजन एवं सम्मान किया और संकल्प लिया कि वह अपने माता-पिता के प्रति सदैव सेवारत रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्राइट कैरियर एकेडमी के विद्यार्थी लक्ष्य शर्मा, शिवानी दीक्षित, खुश द्वारा प्रस्तुत मां की आराधना गीत से हुआ।

आयोजन के दौरान समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य ने मां की ममता को अनमोल बताते हुए कहा कि मां के स्नेह, मातृत्व और आशीष का मोल नहीं किया जा सकता, ये अनमोल है। जो मां की ममता के महत्व को समझते हैं वह कभी मां का अपमान नहीं कर सकते, मां को उपेक्षित और तिरस्कृत नहीं कर सकते। आचार्य ने भगवान् श्री राम का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रभु स्वयं प्रातः जागरण करते ही माता-पिता व गुरु को शीश झुकाते थे। प्रातः काल उठि केऊ रघुनाथा, मात-पिता गुरु नावहिं माता...। डॉ सुधीर आचार्य ने अंत में कहा कि इसलिए माता-पिता का सम्मान और सेवा करने वाले ही संस्कारी कहलाते हैं। इससे पूर्व आयोजन प्रभारी अरविंद मावई ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को माता-पिता एवं परिजनों के सम्मान के प्रति जागरूक करने के लिए यह मातृशक्ति पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में नन्हें-नन्हें और कुछ बड़े विद्यार्थियों ने भी मातृशक्ति का पूजन कर मां का माल्यार्पण कर मिठाई खिलाई और अपनी गलतियों के लिए माफ़ी मांगी। इस दिव्य आयोजन का संचालन आनन्दक विश्वनाथ गुर्जर ने और आभार दुष्यंत सिंह तोमर, प्रबंधन जिला संपर्क समन्वयक आनन्द विभाग बालकृष्ण शर्मा ने किया।

माँ की दी गई सीख पर चलकर ही उन्नति व लोक कल्याण संभवः भावना

मुरैना। जैन मिलन महिला द्वारा मातृदिवस के अवसर पर आयोजित बड़े जैन मंदिर के सत्संग भवन में वयोवृद्ध प्रतिमाधारी माताओं का सम्मान किया गया। ज्ञात रहे कि दोनों प्रतिमाधारी माता लगभग 15 वर्ष से जैन मन्दिर के सत्संग भवन में रहकर आत्मकल्याण मार्ग का अनुसरण कर जीवन यापन कर रही हैं।

जैन मिलन की केन्द्रीय संयोजिका श्रीमती भावना जैन ने कहा कि प्रथम शिक्षा माँ से ही हमें मिलती है। इसलिए हमें माँ की दी गई सीख के अनुसार जीवन जीना चाहिये, जिससे हम उन्नति व लोक कल्याण कर सकें। जैन मिलन की क्षेत्रीय चेयरपर्सन सरिता जैन ने बताया है कि हमें भी माता जी की तरह मोक्षमार्ग का अनुसरण करना चाहिये जिस तरह हमारी दोनों माता धर्म मार्ग पर चलकर आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं, वह हमारे लिए प्रेरणा लेने वाला है। इसी क्रम में शशि जैन ने कहा कि हमें इस बात की खुशी है कि हमें अपने आराधकों के सम्मान का सौभाग्य मिल रहा है। हम सब के द्वारा यह सम्मान करना तब सार्थक होगा, जब हम वीतरागी भगवान की बताई वाणी पर अमल करेंगे। अध्यक्ष बबिता ने कहा कि हम सभी माता जी से प्रेरणा लेकर जिनशासन की आराधना में तल्लीन रहेंगें। इस अवसर पर केन्द्रीय संयोजिका भावना जैन, क्षेत्रीय ई ग्रुप के संयोजक संजय जैन, क्षेत्रीय चैयरमेन सरिता जैन, अध्यक्ष बबीता जैन, सचिव राखी जैन, पूर्व अध्यक्ष रजनी जैन, शशि जैन, रेखा जैन, बबिता जैन, संगीता जैन, पदमा जैन, शालु जैन सहित सभी सदस्य उपस्थिति रहें।

मां ने किया बच्चों का तिलक

बच्चों द्वारा सम्मानित होकर माताएं भाव विभोर हो गई और मां ने भी अपनी संपूर्ण ममता लुटाते हुए बच्चों का टीका कर गले से लगा लिया। आयोजन के दौरान मांफी मांगते समय बच्चे भी अत्यंत भावुक नज़र आए।

कॉपरेटिव बैंक में चोरी का प्रयास, सतर्कता से बदमाश भागे

मुरैना। शहर के सदर बाजार स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित मुरैना मैं पिछले दो-तीन दिन से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे बैंक कर्मचारी एवं आसपास के रहने वाले लोग दहशत में हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया है एवं बैंक द्वारा उपलब्ध कराए गए सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से चोर की पहचान की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली के अंतर्गत सदर बाजार स्थित कोऑपरेटिव बैंक 6 मई की रात 8:45 बजे बैंक गार्ड को तृतीय तल पर धमक की आवाज सुनाई दी और जब वह तीसरी मंजिल पर पहुंचा तो तृतीय तल का दरवाजा बंद था। इसके बाद सुरक्षा गार्ड ने तत्काल हंड्रेड नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ोस में रहने वाले कोठारी के घर की छत से बैंक मैं जाकर देखा तो कोई नहीं मिला। बैंक प्रबंधक के अनुसार 4 मई को भी बैंक से नल की टोटी चोरी हो गई एवं कैमरे में एक चोर का चेहरा रिकॉर्ड हुआ है, जिसका सीसीटीवी फुटेज कोतवाली पुलिस को दिया गया है। आए दिन बैंक में हो रहे इस चोरी के प्रयास से जहां बैंक के अधिकारी कर्मचारी परेशान हैं, तो वहीं आस पड़ोस के लोग भी दहशत में हैं।

आयुष्मान कार्ड स्थल का सीएमओ ने किया निरीक्षण

मुरैना। आयुष्मान कार्ड बनाये जाने वाले सेन्टरों का मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद अम्बाह रामनिवास शर्मा एवं बीएमओ अम्बाह डीएस यादव ने स्थल निरीक्षण किया। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये विगत दिवस कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने संबंधित अधिकारियों को कडे निर्देश दिये गये थे। निर्देशों के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी आई है।

राज्य शूटिंग अकादमी के लिए प्रतिभा चयन कार्यक्रम संपन्न

मुरैना। मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी का प्रतिभा चयन कार्यक्रम मुरैना के डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में समापन हुआ, जिसमें मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के मुख्य कोच वैभव शर्मा, जयवर्धन, कुमारी अपराजिता के नेतृत्व में 5 सदस्यीय दल ने मुरैना में आकर प्रतिभाएं देखी। प्रतिभा चयन के दौरान सर्वप्रथम भोपाल की टीम ने स्टेडियम परिसर में प्रोजेक्टर के माध्यम से वीडियो चलाया और सभी प्रतिभागियों को राइफल, पिस्टल, शॉट गन के बारे में बारीकी से बताया। उन्होंने राइफल और पिस्टल को कैसे पकड़ा जाता है निशाना कैसे लगाया जाता है, इस सब के बारे में बारीकी से अवगत कराया। उसके बाद क्रमवार से सभी प्रतिभागियों से निशाने बाजी भी कराई गई, इस चयन प्रक्रिया का परिणाम आगामी 17 मई के बाद भोपाल से जारी किया जाएगा। इस प्रतियोगिता जो प्रतिभागी चयनित होंगे वह संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे जो कि आने वाले समय में ग्वालियर में आयोजित होगी। इस प्रतिभा चयन कार्यक्रम में जिले के लगभग 108 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर खेल अधिकारी प्रशांत कुशवाह, नरेंद्र सिंह तोमर, उपदेश कुमार, अविनाश, जितेंद्र शुक्ला सहित सभी विभाग के सहयोगी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

परमार के निवास पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह

मुरैना। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिग्विजय सिंह रविवार को मुरैना प्रवास पर आए और कई नेताओं के घर पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन किया। इसी क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री सरायछौला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश सिंह परमार के न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित गौसपुर हाउस पर पहुंचे और उपस्थित परिजनों तथा कार्यकर्ताओं से आत्मीय मुलाकात की। इस अवसर पर मौके पर मौजूद कांग्रेसी नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री के साथ पूर्व मंत्री एवं विधायक लाखन सिंह यादव, फूल सिंह बरैया, मुरैना विधायक राकेश मावई, दिमनी विधायक रविंद्र सिंह तोमर भिडोसा, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, शहर जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा व अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

लाड़ली लक्ष्मी योजना में विवाह के लिये मिलेंगे एक लाख 18 हजार रूपये

मुरैना। मुरैना विकासखण्ड के ग्राम जींगनी निवासी भारत के घर जब बालिका मुस्कान का जन्म हुआ तो परिवार में लक्ष्मी आगमन से खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। इस अवसर पर आंगनवाडी कार्यकर्ता ने मुख्यमंत्री द्वारा संचालित लाडली लक्ष्मी योजना की जानकारी भारत और उसकी पत्नि को दी, तब पति-पत्नि की खुशी दोगुनी और हो गई। उन्होंने तत्काल बालिका मुस्कान का आवेदन लाडली लक्ष्मी योजना में करवाया। भारत ने बताया कि इस योजना से बालिका को शिक्षा में मदद मिल रही है, तथा विवाह के समय एक लखव तक की राशि भी मिलेगी। लाडली लक्ष्मी योजना के तहत मुस्कान जब कक्षा 6वी में आई तो उसे 2 हजार रुपये मिले और 9वी में आने पर पुनः 4 हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। मुस्कान का कहना है कि 'मेरे पिता की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नही थी कि मैं पढ़ाई पूरी कर सकू परन्तु लाडली लक्ष्मी योजना की मदद से मैं अपनी पढ़ाई जारी रख पा रही हूं। मेरे माता-पिता दोनो ने मुझे हमेशा पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया है। मैं खेलें मे भी अपने माता-पिता और प्रदेश को गौरवान्वित करना चाहती हूँ। मैं अपनी पढ़ाई पूरी करके स्वयं अपने पैरों पर खड़ा होना चाहती हूँ ताकि अपनी माता-पिता का सहारा बन सकूं। हमारी सभी चिताएं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दूर कर दी है, मैं तहे दिल से उनका धन्यवाद करती हूं।



पर्यटन विकास व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष ने किया मुरैना का दौरा

मुरैना। केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष पवन गोठिया एवं पाठ्य पुस्तक निगम के चेयरमैन शैलेंद्र बरुआ रविवार को मुरैना दौरे पर आए। जहाँ उनका भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता की अगवानी में भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने पुष्प हार पहनाकर भव्य स्वागत किया। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा की और कहा कि, मुरैना जिले में पर्यटन की संभावनाओं को विकसित कर युवाओं को रोजगार के रास्ते खोलने के प्रयासों में मप्र की भाजपा सरकार जी-जान से जुटी है। उन्होंने कहा कि मुरैना में मितावली, पढ़ावली, बटेश्वरा जैसे कई स्थल हैं तो जलीयजीवों का स्वर्ग चंबल नदी भी है, जिसे देखने देश-विदेश से पर्यटक आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि इन पर्यटन स्थलों को विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है। मंत्री दर्जा पवन गोठिया व शैलेंद्र बरुआ ने पार्टी कार्यकर्ता से भी चर्चा की। उसके बाद रेस्ट हाउस पर उन्होंने अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज सिंह कंषाना और ऊर्जा विकास निगम के चेयरमैन गिर्राज डण्डोतिया, जिपं सीईओ रोशन कुमार सिंह, अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव, एडिशनल एसपी डा. रायसिंह नरवरिया आदि से चर्चा की। इसके बाद वे शहीद संग्रहालय पहुंचे जहां शहीद रामप्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और फिर चंबल के इतिहास को नजदीक से जाना। इसके बाद वे देवरी घड़ियाल केंद्र पर पहुंचे और यहां घड़ियालों की देख-रेख व अन्य कामकाज को समझा। देवरी के बाद वे ककनमठ मंदिर की ओर रवाना हुए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता, मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम के चेयरमैन रघुराज सिंह कंषाना, ऊर्जा निगम के अध्यक्ष गिर्राज डण्डौतिया, पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह, मनोजपाल यादव, अरुण परमार, जिला सह मीडिया प्रभारी संजय डण्डौतिया, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीना डण्डौतिया, भाजपा मण्डल अध्यक्ष सोनू शर्मा, रामलखन छावई सहित सैकडों भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खाद्य विभाग व पुलिस की संयुक्त कार्यवाही, एक मिलावट खोर पर एफआईआर

दूध का कलेक्शन करने वाले 5 लोगों के भरे सैंपल

मुरैना। खाद्य विभाग की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर सिहोंनिया थाना एवं दिमनी थाना क्षेत्र में मिलावटखोरों के यहां कार्रवाई कर एक माफिया पर एफ आई आर दर्ज कराई है तो वहीं 5 लोग जो दूध का कलेक्शन कर रहे थे उनके सैंपल भरे गए हैं। खाद्य विभाग के अधिकारी डीके जैन एवं अनिल परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को दूध का कलेक्शन कर रहे भाजपा नेता साधू सिंह राठौर के साले दीवान सिंह राठौर निवासी अंबाह का सिहोंनिया में सैंपल भरा गया और उसे जांच के लिए भेज दिया गया। ज्ञात हो की साधु सिंह पर पूर्व में रासुका की कार्रवाई हो चुकी है। इसी प्रकार टीम ने किशन सिंह राजावत निवासी राई की पाली गोहद जो कि सिहोंनिया में दूध का कलेक्शन करने आया था, उसके दूध का सैंपल लिया गया। रविवार को खाद्य विभाग के अधिकारियों एवं दिमनी थाना प्रभारी अशोक शर्मा ने पुलिस बल के साथ चांदपुर गांव में डेरी संचालित कर रहे महेश शर्मा के यहां छापा मारा और बड़ी मात्रा में मावा, सपरेटा दूध, वनस्पति घी बरामद करते हुए उसके विरुद्ध दिमनी थाने में एफ आई आर दर्ज कराई गई है। इसी प्रकार खाद विभाग की टीम ने शंभू सिंह बघेल, राम कुमार राठौर, भीकेंद्र सिंह तोमर जो कि अपने-अपने वाहनों से दूध कलेक्शन कर रहे थे, उनके भी वाहन रोककर नमूने लिए गए हैं और सभी जांच के लिए भेज दिए गए हैं। गौरतलब है कि मुरैना जिले में बड़े पैमाने पर सिंथेटिक दूध पनीर आदि का काम जोरों पर चल रहा है। खाद विभाग की लगातार कार्यवाही के बावजूद माफिया आमजन को जहर खिलाने से पीछे नहीं हट रहे।

धर्म रक्षा संघ की एक बैठक श्री महंत महान डॉ.आदित्यानंद गिरि जी महाराज की अध्यक्षता में भागवत मंदिर वृन्दावन में आयोजित की गई

हरिनिवास दुबे ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

वृंदावन । बैठक में छाता तहसील के शाहपुर गांव में बिहारी जी मंदिर की भूमि पर मुस्लिम समाज द्वारा अवैध कब्जा कर कब्रिस्तान बनाने पर घोर आपत्ति व्यक्त की गई।इस विषय में एक पत्र जिलाधिकारी महोदय मथुरा को सौंपा गया है जिसकी प्रतिलिपि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को भी भेजी गई है।

धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा कि बिहारी जी मंदिर की जमीन को धोखाधड़ी से सरकारी दस्तावेजों में कब्रिस्तान की जमीन घोषित करवा कर मुस्लिम समाज ने बिहारी जी मंदिर के गर्भ गृह वाले स्थान पर एक मजार का निर्माण कर लिया है जिसे हिंदू समाज किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं कर सकता। मंदिर मामले के मुख्य पैरोकार शाहपुर निवासी रामअवतार सिंह गुर्जर ने कहा कि जिलाधिकारी महोदय को सारे साक्ष्य मंदिर के पक्ष में दिए जा चुके हैं जिसे उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ

बोर्ड ने भी स्वीकार किया है मगर अभी तक बिहारी जी मंदिर की जमीन को सरकारी कागजों में कब्रिस्तान की जगह मंदिर के नाम दर्ज नहीं किया गया है। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय संयोजक *आचार्य बद्रीश जी महाराज* ने कहा कि उक्त जमीन के विषय में धर्म रक्षा संघ का प्रतिनिधिमंडल कई बार सरकारी अधिकारियों से मिलकर इस मामले को जल्दी से निपटाने का निवेदन कर चुका है मगर अधिकारियों का ध्यान इस ओर बिल्कुल नहीं है।

धर्म रक्षा संघ के संरक्षक श्री महंत डॉ.आदित्यानंद गिरि जी महाराज ने कहा कि 2004 में बिहारी जी मंदिर की भूमि सरकार द्वारा मुस्लिम समाज को देना बिल्कुल गैर कानूनी कार्य था अब जब कि सारे सबूत मंदिर के पक्ष में मिल चुके हैं तो जिलाधिकारी महोदय को तुरंत कार्यवाही कर कब्रिस्तान की जगह मंदिर का नाम सरकारी दस्तावेजों में दर्ज कराना चाहिए। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय मार्गदर्शक महंत मोहिनी बिहारी शरण* ने कहा कि बिहारी जी मंदिर के गर्भ गृह वाले स्थान पर मुस्लिम समाज के द्वारा बनाई गई मजार को तुरंत वहां से हटा देना चाहिए यदि सरकार इस कार्य को नहीं करती है तो धर्म रक्षा संघ के कार्यकर्ता स्वयं जाकर उस मजार को वहां से हटा देंगे। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीदास प्रजापति ने कहा कि यदि सरकार तत्काल बिहारी जी मंदिर का नाम सरकारी दस्तावेजों में दर्ज नहीं नहीं करती तो 15 दिनों के बाद एक बड़ी धर्म पंचायत शाहपुर गांव में की जाएगी जिसमें मंदिर की भूमि पर कब्जा किए जाने के बारे में संतो द्वारा निर्णय किया जाएगा।

हिंदू महासभा के ब्रजमंडल अध्यक्ष *बिहारीलाल वशिष्ठ* ने कहा कि इस मुद्दे पर हिंदू महासभा धर्म रक्षा संघ का पूरी तरह सहयोग और समर्थन करेगी।धर्म गोष्ठी में स्वामी गंगा दास,महंत बालक दास, रामसेवक शास्त्री,कृष्ण कुमार मिश्र, ईश्वर चन्द्र रावत,योगेश गर्ग,हर्षित द्विवेदी, अभय शुक्ला मनीष वैष्णव ओम विश्वनाथ आयु आयुष शुक्ला शुक्ला अखिल मिश्रा कृष्णा उपाध्याय अमन दीक्षित आदि उपस्थित थे

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की प्रथम परिचय व कामकाजी बैठक हुई संपन्न जिसमें लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

संतोष सिंह भदोरिया
दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़

भिंड /भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विक्रम कुशवाहा के नेतृत्व में प्रथम बैठक हुई जिसमें सभी पदाधिकारियों का परिचय एवं आगामी कार्यक्रम के बारे में निर्देशित किया और जिला अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि 27 अप्रैल 2022 को भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक जिला सीहोर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री बीडी शर्मा जी भाजपा महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश प्रभारी सुश्री कविता पाटीदार जी के मार्गदर्शन में एवं युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री पवन कुमार जी के नेतृत्व में संपन्न हुई जिसमें आगामी कार्यक्रम के बारे में सभी जिला अध्यक्षों को बताया गया की अपने-अपने जिलों में

विधानसभा से लेकर मंडलों तक विभिन्न कार्यक्रमों के तहत लोगों को ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ने की कोशिश करें जिसमें महत्वपूर्ण यूथ कनेक्ट यानी युवा जोड़ो अभियान 15 मई से 15 जून तक चलाया जाए जिसमें युवाओं को जोड़ने का निर्णय जिला बैठक में लिया गया और बताया गया की यूथ कनेक्ट अभियान के तहत तीन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें भाषण प्रतियोगिता 15 मई से 22 मई तक एवं सोशल मीडिया कैंपेन 23 मई से 27 मई तक और युवा सम्मेलन 1 जून से 15 जून तक किया जाएगा जिसमें सभी युवाओं को जोड़ने का कार्य किया जाएगा और भाषण प्रतियोगिता होगी उसमें जो भाषण के दौरान सबसे अच्छा भाषण देगा उसको एक सम्मानित किया जाएगा सोशल मीडिया कैंपेन के तहत ज्यादा से ज्यादा कोशिश करें कि युवा मोर्चा द्वारा कैसे युवाओं को जोड़ा जाए जिसमें वकील डॉक्टर किसान सभी प्रकार की युवाओं को जोड़ने का कार्यक्रम किया जाएगा बैठक में मंच का संचालन युवा मोर्चा जिला महामंत्री एतराज नरवरिया जी ने किया एवं जिला बैठक में पधारे हुए मुख्य रूप से पदाधिकारी मंच की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह कुशवाह ने की बैठक में मौजूद मुख्य रूप से जिला महामंत्री इंजीनियर इंद्रबीर सिंह संतोष सिंह भदोरिया जिला मीडिया प्रभारी गोपाल सिंह सह कोषाध्यक्ष सौरव जैन सह कोषाध्यक्ष सर्जन सिंह नरवरिया जिला सोशल मीडिया प्रभारी धर्मवीर बघेल जिला मंत्री रामअवतार गुर्जर जिला उपाध्यक्ष रामू तोमर जिला मंत्री राहुल शर्मा जिला सह आईटी संतोष यादव मंत्री मोनू सिंह जिला मंत्री राजीव मिश्रा जिला मंत्री आशीष गुप्ता सहिसोशल मीडिया प्रभारी जयंत किरार कोषाध्यक्ष रितेश पुरोहित जिला उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा जिला उपाध्यक्ष अंकित मिश्रा जिला प्रभारी पॉलिसी रिसर्च एवं आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

थैलेसीमिया दिवस पर रोटरी क्लब एटा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर

एटा । प्रातः 10-00 बजे जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रोटरी क्लब के रोटेरियन बारी बारी कर रक्तदान किया यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक साजन देव वार्ष्णेय ने दी, और कहा की रोटरी क्लब समाज सेवा के लिए तत्पर तैयार है और जो भी संभव हो सकेगा वह समाज के लिए कार्य करेंगे,आज इस थैलेसीमिया दिवस पर आयोजित रोटरी क्लब के पदाधिकारी और सदस्य ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें अध्यक्ष नीरज गुप्ता, सचिव सौरव कुमार, कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता ,सार्जेंट एट फार्म हिमांशु कुलश्रेष्ठ, प्रसून वार्ष्णेय ,वरुण वार्ष्णेय ,अनुज गुप्ता ,अंकुर जैन, सनी चौहान, प्रशांत गुप्ता ,आयुष मिश्रा, आदि रोटेरियन उपस्थित रहे।

अंबाह पोरसा के विधायक कमलेश का सम्मानीय जनों ने मनाया जन्मदिवस

गणेश शंकर राजोरिया
पुष्पांजलि टुडे

मुरैना । भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा नगर मंडल अंबाह के अध्यक्ष रामसेवक राठौर जी के द्वारा अंबाह विधायक माननीय कमलेश जाटव जी जन्म दिवस पर सिविल हॉस्पिटल अंबाह मैं फल वितरण एवं वृक्षारोपण किया गया जिस में उपस्थित राठौर समाज के अध्यक्ष रामअवतार राठौर आर्य, जी, भीम तोमर जी, बल्ली तोमर जी, राजू तोमर जी, सत्यवीर तोमर जी, कल्लू शर्मा जी , अविनाश शर्मा जी ,बंटू, तोमर जी, धर्मेंद्र तोमर जी, समस्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे सभी ने विधायक के दीर्घायु की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी और कहा कि उच्च विचार हो नेक इरादे आपकी हर एक बात अमल हो। हर पल मन हर्षाए जैसे झील में हंसता हुआ कमल हो। हृदय तल से जन्मदिवस पर बारंबार बधाई हो

चित्रकला प्रतियोगिता में 100 से ज्यादा बच्चों ने लिया भाग

पुष्पांजली टुडे

बेंगलुरू– रविवार कुंचा सांस्कृतिक एवं सामाजिक ट्रस्ट द्वारा चंद्र लेआउट स्थित बीबीएमपी सभागार मैं आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता मैं 100 से भी ज्यादा बच्चों ने भाग लिया मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने बाल प्रतिभाओं को सराहा एवं उत्साह वर्धन किया गया ।इस कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष सुंदर ने समाजसेवी मारूति मेडिकल के प्रमुख महेंद्र मुणोत को सम्मानित किया गया ।

बरसात से पहले नोडल प्रभारी ने चलाया सफाई अभियान

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

दबोह–नगर मे इन दिनों स्व्च्छता अभियान काजी जोरो से चल रहा है।इसी क्रम में बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए नगर के रुके पढे हुए नाले-नालियों की जेसीबी व कर्मचारियों के द्वारा सफाई कराई जा रही है।यह सफाई अभियान स्व्च्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर की देख रेख में जारी है।स्व्च्छता अभियान के चलते एन आर खेंगर जी का कहना है कि बरसात के मौसम में अत्यधिक बारिश होने के बाद लोगो के घरो में पानी भर जाता है जिसके चकते पहले से ही नालों की पूरी तरह से सफाई कर सफाई अभियान चलाया जा रहा है जिससे नगरवासियों को कोई परेशानी न आये।उन्होंने बताया कि यह सफाई अभियान सुबह 08 बजे से शुरू होता है और रोजाना शाम तक चलता है।

स्व्च्छता नोडल प्रभारी की कार्यशेली से बदली नगर की तस्वीर

जबसे वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पूर्व सीएमओ एन आर खेंगर को स्व्च्छता नोडल प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है तबसे नगर की बदली हुई तस्बीर साफ दिख रही है।श्री खेंगर ने नगर के वार्ड नम्बर 1 में लाखों रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ सामुदायिक शौचालय को बीते कुछ दिनों पहले ही शुरू किया गया।यहां बता दें कि लगभग 2 साल पहले बनकर तैयार हुआ शौचालय निर्माण होने के बाद से ही बन्द पड़ा था।जिसको स्व्च्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर ने साफ सफाई करा कर एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाकर शुरू कराया।यहां बता दें कि जबसे स्व्च्छता का जिम्मा वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा पूर्व सीएमओ एन आर खेंगर के कंधों पर दिया गया तबसे स्व्च्छता अभियान कागजो में नही बल्कि धरातल पर दिखने लगा है।यहां बताना मुनासिब होगा कि बीते रोज पहले कार्यपालन यंत्री महोदय ने भी दबोह का निरीक्षण किया था और सफाई को लेकर श्री खेंगर की तारीफ भी की थी।फिलहाल तो स्व्च्छता अभियान सर्वेक्षण को लेकर स्वच्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर ने दबोह नगर की आमजनता से स्व्च्छता के पहलू पर दबोह को नम्बर 01 लाने की अपील की है उन्होंने कहा कि सभी व्यापारी व आम नागरिक स्व्च्छता को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सभी लोग गीला कचड़ा हरे डस्टबिन में व सूखा कचड़ा नीले डस्टबिन में ही डाले एवम सुबह नगर परिषद का कचड़ा वाहन आने के बाद कचड़ा आने के बाद कचड़ा उसी में फेंकें।इस दौरान स्वच्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर,उपयंत्री हरिप्रताप व अरुण तिवारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

कई दिनों से प्रतीक्षारत युवा मोर्चा मंडल अध्यक्षों की हुई घोषणा, उमेश पाठक बने देवेंद्र नगर मंडल अध्यक्ष

ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे

पन्ना । भारतीय जनता पार्टी को युवाओं का आधार प्रदान करने वाली भारतीय जनता युवा मोर्चा पन्ना के मंडल अध्यक्षों की घोषणा कई दिनों से प्रतीक्षारत थी अंततोगत्वा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष राम बिहारी चौरसिया के अनुशंसा पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भास्कर पांडे द्वारा कल देर रात सभी मंडल के मंडल अध्यक्षों की सूची जारी की गई जिसमें देवेंद्र नगर मंडल में पूर्व महामंत्री उमेश पाठक को युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है उमेश पाठक के नाम की घोषणा के साथ ही देवेंद्र नगर के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर देखी गई थी आज सुबह से ही उमेश पाठक को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

देवेंद्र नगर बीजेपी मंडल अध्यक्ष ललित गुप्ता पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह परमार ध्रुव चौबे पंकज द्विवेदी सुरेंद्र प्रताप सिंह अरुण तिवारी मयंक रघुवंशी कृष्णा पाठक देवास शुक्ला सहित दर्जनों शुभचिंतकों द्वारा शाल श्रीफल एवं पुष्प मालाओं द्वारा उमेश पाठक का स्वागत श्री शूंघा बाबा सिद्ध स्थल पर किया गया।

इंदौर भोपाल से अधिक नहीं होगा ग्वालियर में गार्बेज शुल्क: तुलसी सिलावट

पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर । 8 मई मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल प्रभारी मंत्री श्री तुलसी सिलावट जी से वीआईपी गेस्ट हाउस पर मुलाकात की और गार्बेज शुल्क के संबंध में अपनी आपत्ति जताई चेंबर ऑफ कॉमर्स की आपत्ति सुनने के बाद प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट जी ने यह आश्वस्त किया कि ग्वालियर के अंदर गार्बेज शुल्क की दर भोपाल इंदौर से अधिक नहीं होगी

जब उनको यह जानकारी चेंबर के प्रतिनिधिमंडल ने दी कि नगर निगम नए वित्तीय वर्ष मैं दरों में संशोधन करते हुए इंदौर और भोपाल की तुलना के बराबर गार्बेज शुल्क लेने को तैयार है लेकिन पुराने वित्तीय वर्ष की दरों में सुधार करने को तैयार नहीं है इस अवसर पर उपस्थित मध्य प्रदेश शासन के मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर जी ने भी प्रभारी मंत्री जी से इस पर निर्देश देने का अनुरोध किया

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने पूरी बात को गंभीरता से सुनते हुए नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल को दूरभाष मोबाइल पर निर्देशित किया और कहा इंदौर भोपाल जबलपुर से अधिक गार्बेज शुल्क ग्वालियर में नहीं होना चाहिए यह बात बिल्कुल स्पष्ट है और यदि पूर्व के वित्तीय वर्षों में दरों में सुधार के लिए शासन की अनुमति की आवश्यकता है तो वह प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजें मैं स्वयं और प्रदुमन सिंह तोमर जी जाकर शासन स्तर पर उसका निराकरण कराएंगे उन्होंने चेंबर के प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष श्री विजय गोयल उपाध्यक्ष श्री पारस जैन और मानसेवी सचिव डॉ प्रवीण अग्रवाल को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप निश्चिंत रहें शिवराज सिंह जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार हमेशा करो का संग्रहण उस भवरे की तरह करती है जिस तरह भंवरा फूल से रस लेता है और फूल को पता भी नहीं चलता शहर विकास में यह शुल्क आवश्यक है इसलिए हम इसे न्यूनतम दर पर लगा रहे जिससे ग्वालियर शहर मध्य प्रदेश के शहरों की अग्रणी पंक्ति में रह सके आज के इस प्रतिनिधिमंडल में श्री विजय गोयल श्री पारस जैन डॉ प्रवीण अग्रवाल उपस्थित थे इस अवसर पर विशेष रूप से बीज विकास निगम के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त श्री मुन्ना लाल गोयल जी और भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री कमल मखीजानी जी भी उपस्थित थे

स्व सहायता समूहों को दिया 326 टन घटिया मूंग दाल, विटामिन-मिनरल भी गुणवत्ताहीन

भोपाल। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों और गर्भवती- धात्री माताओं को दिए जाने वाले पोषण आहार में उपयोग की जाने वाली 326 टन मूंग दाल, हल्दी, गरम मसाला, मिनरल-विटामिन आदि नमूना परीक्षण में अमानक पाए गए हैं। मूंग दाल में बड़ी मात्रा में कचरा, कंकर, टूटा दाना और खराब रंग पाया गया। सभी सामग्री, प्रदायकों (सप्लायर) को लौटा दी गई है और अब उन्हें ब्लैक लिस्ट करने की तैयारी चल रही है। खाद्य सामग्री गुणवत्ताहीन होने की शिकायत संयंत्रों में काम करने वाली स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने की थी। इसके बाद सामग्री की प्रत्येक खेप की निगरानी की गई और उसकी नमूना जांच भी कराई गई। इसके बाद यह मामला खुला। हैरत इस बात की है कि प्रदायकों ने विटामिन एवं मिनरल भी घटिया दिया। इसके भी 165 बैग लौटाए गए हैं।

मध्य प्रदेश के सात सरकारी संयंत्रों में तैयार पोषण आहार 80 हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्रों में भेजा जाता है। इन संयंत्रों को महिला स्व-सहायता समूह के परिसंघ संचालित कर रहे हैं। पोषण आहार तैयार करने के लिए कच्चा माल बाजार से खरीदा जाता है। इसके लिए बाकायदा निविदा प्रक्रिया पूरी की गई है। जिसमें सामग्री की दर और गुणवत्ता के मापदंड तय हैं। पहले महीने तो प्रदायकों ने अच्छा माल भेजा, पर दूसरे महीने में गुणवत्ता इतनी कम हो गई कि पहली ही नजर में पकड़ में आ गई। सामग्री लौटाने के साथ ही प्रदायकों को नोटिस जारी किए गए हैं।

मूंग दाल और पाम तेल की पूरी खेप खराब

नर्मदापुरम जिले के माखननगर में संचालित पोषण आहार संयंत्र में जनवरी और फरवरी 2022 में दो बार पहुंचीमूंग दाल और फरवरी में पहुंचे पाम तेल इतना घटिया था कि पूरी खेप ही रद करनी पड़ी। ये सामग्री तीन अलग-अलग प्रदायकों ने पहुंचाई थी। जबकि धार स्थित संयंत्र में पहुंचा 28.23 टन कोयला भी घटिया पाया गया। इसमें नमी की मात्रा ज्यादा थी।

सबसे ज्यादा सैंपल धार में फेल

धार संयंत्र को प्रदाय की गई मूंग दाल के सबसे ज्यादा सैंपल फेल हुए हैं। इस संयंत्र में जनवरी से अप्रैल तक 195 टन दाल में खराबी पाई गई है। जबकि देवास में मूंग दाल, सोया फ्लोर, सोया ग्रिट, शकर के नमूने भी फेल हुए हैं। यह पूरी सामग्री 569 टन बताई जाती है।

प्रदेश में फायर एंड इमरजेंसी सर्विस एक्ट लागू करने शीघ्र निर्णय लेगी सरकार

जबलपुर। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से अभिवचन व प्रमुख सचिव का शपथ पत्र प्रस्तुत कर कहा गया कि मध्य प्रदेश फायर एंड इमरजेंसी सर्विस एक्ट को लागू करने के संबंध में शीघ्र ही निर्णय लेगी। मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव की युगलपीठ ने सरकार के उक्त आश्वासन के पश्चात इस सम्बंध में दायर जनहित याचिका का पटाक्षेप कर दिया।

जनहित याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी राम भजन उर्फ नीलू कुशवाहा की ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा व कौशलेंद्र सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि देश के लगभग 26 राज्यों में फायर एंड इमरजेंसी सर्विस एक्ट लागू है।लेकिन मध्य प्रदेश में यह एक्ट लागू नहीं है। जबकि पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में यह एक्ट लागू है। प्रदेश में अन्य राज्यों की अपेक्षा अग्नि की दुर्घटनाएं बहुत ज्यादा संख्या में हो रही है। इस संबंध में नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के पिछले 10 सालों में एकत्र किए गए रिकार्ड को भी प्रस्तुत किया गया।

तर्क दिया गया कि प्रदेश में जगह-जगह पंडाल लगाकर आयोजन किए जाते हैं, जिसमें फायर सेफ्टी से संबंधित कोई भी उपाय नहीं किए जातेम साथ ही प्रदेश के अस्पताल, सरकारी, गैर सरकारी कार्यालय, स्कूल, कालेज इत्यादि जगहों पर भी फायर सेफ्टी के संबंध में उचित उपाय नहीं किए गए हैं। केंद्र सरकार ने 16 सितंबर, 2019 को सभी राज्य सरकारों को फायर एवं इमरजेंसी सर्विस एक्ट लागू करने के लिए कहा था, किंतु मध्य प्रदेश सरकार द्वारा इस संबंध में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। सुनवाई के दौरान कोर्ट के निर्देश पर सरकार ने अपने जवाब में बताया कि जल्द ही यह एक्ट लागू किया जाएगा। इसे रिकार्ड पर लेकर हाई कोर्ट ने जनहित याचिका निराकृत कर दी।

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले 3 युवाओं पर 6 महीने का बैन

भोपाल। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में भोपाल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने फेसबुक, इस्टाग्राम, वॉट्सअप का गलत उपयोग करने के मामले में 3 युवाओं पर 6 महीने का बैन लगा दिया है। फोटो पोस्ट करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ न्यायालय पुलिस आयुक्त भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3(1) ख 3 (1) ग के तहत कार्यवाही की है। अब यह अगले 6 महीने के लिए किसी भी प्रकार के सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग नहीं कर सकते हैं। ऐसा करते पाए जाने पर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। तीनों आरोपियों में एक के खिलाफ थाना मंगलवारा में तथा अन्य 2 के खिलाफ थाना हनुमानगंज मे

लाड़लियों के नाम से जाने जाएंगे कोठी गाँव के 92 घर

महिला सशक्तिकरण की मिसाल बना गाँव, अभिभावकों ने कहा -हमारा घर लाड़ली के नाम

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लाड़लियों को सशक्त बनाने और समाज में सम्मान दिलाने के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रारंभ की है। शासन की इस मंशा को आगे बढ़ाने के लिए कटनी जिले में ढीमरखेड़ा एकीकृत बाल विकास परियोजना ने अभिनव नवाचार किया है। ढीमरखेड़ा विकासखंड के कोठी गाँव की लाड़ली लक्ष्मी योजना की हितग्राहियों के घर अब लाड़लियों के नाम से ही जाने जाएंगे। विभाग ने सभी बालिकाओं के घरों के बाहर उत्सव पूर्वक उनके नाम अंकित किए हैं, जिसको लेकर लाड़लियों के साथ ही उनके परिजन ने भी खुशी जाहिर करते हुए राज्य सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के दौरान ढीमरखेड़ा परियोजना ने बालिकाओं को उनकी पहचान दिलाने के उद्देश्य से नवाचार प्रारंभ किया। इसके लिए सबसे पहले कोठी गाँव को चुना गया और योजना की हितग्राही 92 लाड़लियों के

घरों के बाहर उनके नाम अंकित किए गए, ताकि लोग अब उनके घरों की पहचान उनके माता-पिता नहीं बल्कि बालिकाओं के नाम से हो।

कोठी गाँव निवासी हितग्राही बालिका सुषमा की माता आरती चौधरी का कहना है कि योजना से जहाँ उनकी बेटी की पढ़ाई में मदद मिली है तो वहीं अब उनका घर उनकी लाड़ली बेटी के नाम से जाना जाएगा, इसको लेकर वह बेहद खुश हैं। बालिका सुषमा ने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कोठी गाँव निवासी चंद्रशेखर पटेल ने भी गाँव में बालिकाओं को अलग पहचान दिलाने चलाए गए इस कार्यक्रम की सराहना को अच्छी पहल बताया है। हितग्राही बालिका साधना के पिता नत्थू सिंह और चंद्रशिखा के पिता अजय सिंह ने भी योजना की तारीफ करते हुए बालिका के नाम से उनके घर की पहचान होने पर खुशी का इजहार किया है। परियोजना अधिकारी ढीमरखेड़ा आरती यादव ने बताया कि 1600 की आबादी का कोठी गाँव जिला मुख्यालय से 72 किलोमीटर जंगल की वादियों में बसा है। यहाँ पर लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रारंभ से लेकर अभी तक 92 बालिकाओं को योजना से जोड़ने का काम किया है। इसमें से कक्षा 6वीं में पहुँचने पर 15 बालिकाओं को और कक्षा नवमीं पर अध्ययन के दौरान 4 बालिकाओं को योजना में छात्रवृत्ति मिल चुकी है।

कटनी जिले की 5100 लाड़लियों ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

प्रदेश के साथ कटनी जिले में भी उत्साह और उमंग से लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में गठित लाड़ली लक्ष्मी दलब में 5100 लाड़ली लक्ष्मियों द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम लिखे धन्यवाद पत्र को विशेष वाहक से मुख्यमंत्री निवास भिजवाया है। लाड़ली लक्ष्मी योजना की छात्रवृति की मदद से पढ़ाई कर रही बेटियों ने भविष्य के सुनहरे सपनों की बात अपने मुख्यमंत्री मामा जी से साझा किया है और धन्यवाद ज्ञापित किया है।

संत खेताराम महाराज की 38 वी .पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

पुष्पाजंली टुडे

बेंगलूरु- राजपुरोहित समाज बेंगलुरु के तत्वावधान में मैसूरु रोड़ पर स्थित राजपुरोहित समाज भवन में आराध्य संत खेता राम महाराज की 38 वी.पुण्यतिथि मनाई गई द्य सर्वप्रथम खेतेश्वर दाता की तस्वीर के समक्ष ज्योत प्रज्वलित कर शनिवार रात को भजन संध्या का आयोजन रखा गया द्य जिसमें भजन कलाकार अशोक गायणा, राकेश उपाध्याय,सुरेश पारिक एंड पार्टी द्वारा राजस्थानी भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल भक्तिमय बनाया द्य श्रद्धालुओं ने नृत्य किया द्य रविवार सुबह राजपुरोहित समाज भवन में रक्तदान शिविर लगाया गया द्य जिसमें समाज बन्धुओं ने बढ़ -चढ़कर रक्तदान किया द्य लॉइन्स ब्लड बैंक के महिला चिकित्सक जयश्री के नेतृत्व में नर्सिंगकर्मी दीपक, सुमन,मलिका,सोमनाथ आदि रक्तदाताओ की रक्तचाप सहित अन्य स्वास्थ्य जांच कर शिविर में सहयोग दिया द्य शिविर में 63,युनिट रक्त एकत्रित किया गया द्य इस अवसर पर राजपुरोहित समाज बेंगलुरु के पदाधिकारी,सदस्यों सहित मैसूरु,बनूर आदि दूर दराज क्षेत्रों के भक्त उपस्थित रहे

अनुज प्रताप सिंह भदोरिया जी के जन्मदिवस पर सेवड़ा समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने किए फल वितरण

पुष्पांजली टुडे

दतिया । अनुज प्रताप सिंह भदोरिया जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में सेवड़ा वरिष्ठ समाजसेवी एवं समाज सेवा टीम के संयोजक श्यामू ठाकुर ने संनकुआ धाम पहुंचकर फल वितरित किए इस अवसर पर श्यामू ठाकुर ने कहा कि दादा अनुज प्रताप सिंह भदोरिया का सदैव ही मार्गदर्शन सहयोग प्राप्त होता है आप एक विशाल व्यक्तत के धनी हैं ऊर्जावान समाजिक योद्धा है एव जन्मदिवस हमें वर्ष में एक बार ही मिलते हैं हमें बड़े ही उत्सव एवं धूमधाम से मनाना चाहिए गरीबों की मदद करना चाहिए बेसहारों को सहारा देना चाहिए इस अवसर पर उनके साथ कार्यक्रम का संचालन राहुल चौरसिया के द्वारा किया गया उपस्थित जन रबी सोनी सुनील गुप्ता निर्मिद सविता रामप्रकाश यादव राजू रावत कैलाश बाथम जय दयाल बाथम राजेंद्र बंशकार सुनील राठौर आकाश प्रजापति सहित कई समाजसेवी एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी पर बहू ने लगाए दुष्कर्म की कोशिश के आरोप, कहा पति नपुंसक

सतना। मध्यप्रदेश के एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी पर उनकी बहू ने दहेज प्रताड़ना और दुष्कर्म की कोशिश के आरोप लगाए हैं। पूरे मामले की शिकायत महिला आयोग से की गई है, जिसके बाद सतना पुलिस से रिपोर्ट तलब की गई है। पूरे मामले की सुनवाई फैमिली कोर्ट में भी चल रही है। आइएएस अधिकारी की पत्नी और बेटे पर भी बहू ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने, बंधक बनाकर मारपीट करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

बहू के यह हैं आरोप

अधिकारी की बहू का आरोप है कि 24 नवंबर 2021 को रिटायर्ड आइएएस के बेटे की शादी उसके साथ भोपाल के होटल सयाजी में हुई थी। पति वैवाहिक जीवन के लिए शारीरिक रूप से अक्षम है। ये बात मुझसे छिपाई गई। शादी के दूसरे दिन ही पति ने लात मारकर कमरे से निकाल दिया। मैं रोने लगी। ससुर पास आए और बोले, मेरे साथ कमरे में चलो मैं सब ठीक कर दूंगा। ससुर ने मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की। जब मना किया तो मेरे साथ मारपीट की। चारित्रिक लांछन लगाना शुरू कर दिया। शिकायत जब पति से की तो उसने भी अपने पिता का ही साथ दिया। बहू ने आरोप लगाए की शादी के दो दिन बाद ही मुझसे सात लाख रुपये नकद और फॉर्च्यूनर गाड़ी की मांग की गई और

रोजाना मारपीट की जाने लगी। उसे खाना भी नहीं देते थे। कभी देते वो बासा या बचा हुआ होता था। मैंने अपने मायके में दहेज मांगने वाली बात बताई। भाई सतना से भोपाल मेरे ससुराल आया। शादी को 13 दिन ही हुए थे। मुझे भाई के साथ घर से निकाल दिया गया। मैं मायके आ गई। ससुराल वालों ने बात करना बंद कर दिया है।

सतना एसपी ने कहा दोनों पक्षों के अपने-अपने आरोप

पुलिस अधीक्षक सतना धर्मवीर सिंह के अनुसार ससुराल वालों का कहना है कि शादी में खर्च उन्होंने किया था, ऐसे में दहेज वो क्यों मांगेंगे। रिटायर्ड आइएएस का यह भी आरोप है कि जब उनका बेटा काउंसिलिंग के लिए मैहर आया तो पीड़िता के परिवार वालों ने गुंडे भेज दिए। एसपी का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। दोनों पक्षों के अपने-अपने आरोप हैं। पीड़िता का आरोप दहेज प्रताड़ना, शारीरिक व मानसिक शोषण से संबंधित है। पीड़िता ने अपने पति को शारीरिक रूप से वैवाहिक जीवन के लिए अक्षम भी बताया है। मामले में मैहर सतना में परिवार को काउंसिलिंग के लिए बुलाया गया था, लेकिन वहां बात नहीं बन पाई। सतना के मानवीय परिवार परामर्श केंद्र में भी काउंसिलिंग चल रही है। फैमिली कोर्ट का आदेश मंगवाया गया है,उसका अध्ययन करके आगे कार्रवाई की जाएगी।

ससुर पावरफुल, नहीं सुन रही पुलिस

पीड़िता का आरोप है कि वह ससुराल वालों की शिकायत करने भोपाल थाने में गई थी, लेकिन उसे यह कह लौटा दिया कि उसके ससुर बहुत पावरफुल हैं। सतना अपने मायके आने के बाद उसने मैहर थाना और एसपी कार्यालय में शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। एसपी के कहने पर भी थाना प्रभारी मैहर ने प्रकरण दर्ज नहीं किया। बाद में महिला आयोग को पत्र दिया गया। जहां से सतना पुलिस से रिपोर्ट मांगी गई है।

सत्यापन नहीं कराने वाले डॉक्टरों को जारी होंगे नोटिस

भोपाल। मप्र मेडिकल काउंसिल में सत्यापन नहीं कराने वाले डॉक्टरों को नोटिस जारी किए जाएंगे। डॉक्टरों द्वारा इसका विरोध शुरु कर दिया गया है।मप्र मेडिकल आफिसर्स एसोसिएशन का कहना है कि सह प्रक्रिया डॉक्टरों को परेशान करने वाली है। बता दें कि प्रदेश में एलोपैथी डाक्टरों की संख्या पता करने के लिए पहली बार सत्यापन की प्रकिया शुरू की गई। इसके तहत अभी तक सिर्फ 22 हजार डाक्टरों ने ही पंजीयन कराया है। यह हाल तब है जब मप्र मेडिकल काउंसिल में 55 हजार डाक्टर पंजीकृत हैं। सत?यापन की इस प्रक्रिया में एमपी आनलाइन के माध्यम से मेडिकल काउंसिल द्वारा दिया गया।

मामले की गहराई से जांच की जाए और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए

दो बोतल शराब पीकर भी नहीं हुआ नशा तो पहुंच गया एसपी के पास

उज्जैन। उज्जैन में एक शराबी ने गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा और एक्साइज डिपार्टमेंट को अजीबो-गरीब शिकायत की है। शख्स ने शिकायत में कहा है कि उसने देशी शराब के दो क्वार्टर पीये लेकिन नशा नहीं चढ़ा. अब इस मामले की गहराई से जांच की जाए और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए. उसकी इस शिकायत पर एक्साइज डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने उचित कारवाई का आश्वासन भी दे दिया है. उसने यह भी कहा कि अगर एक्साइज डिपार्टमेंट कार्रवाई नहीं करता तो वह कंज्यूमर फोरम का दरवाजा खटखटाएगा।

फरियादी लोकेंद्र सेठिया 12 अप्रैल को दो देशी शराब के क्वार्टर पीने के कुछ देर बाद आबकारी थाने पहुंच गया. उसने शिकायत की कि क्वार्टर में शराब नहीं, बल्कि पानी था. उसने न केवल लिखित आवेदन

दिया, बल्कि साक्ष्य के लिए शराब के दो क्वार्टर भी जमा किए. उसने एक्साइज के अधिकारियों से कहा कि अगर मेरी बात यकीन नहीं है तो हो तो ये दो एक्स्ट्रा क्वार्टर जांच करके देखो और ठेकेदार द्वारा की गई इस धोखाधड़ी को संज्ञान में लेकर कार्रवाई करो. इस पर अधिकारियों ने उसकी पूरी बात सुनी और कहा कि दोषी पाए जाने पर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

कंज्यूमर फोरम का दरवाजा खटखटाएगा फरियादी

जब उसकी शिकायत पर 6 मई तक कार्रवाई नहीं हुई तो अब उसने कंज्यूमर फोरम में जाने की बात कही है. उसने कहा- मैं इस मामले में कार्रवाई इसलिए चाहता हूं ,ताकि शराबियों के साथ न्याय हो सके. मैं पीता भी हूं तो कमाता भी हूं. लेकिन, उनका क्या जो सिर्फ पीते हैं. उनके लिए न्याय जरूरी है।

मैं बस इतना चाहता हूं कि मेरे साथ जो हुआ वह अन्य किसी कस्टमर के साथ न हो. मुझे 20 साल हो गए पीते-पीते. इसलिए मुझे समझ आ गया कि इसमें मिलावट है या नहीं. उसकी ये बात अब सुर्खियों में है. लोकेंद्र ने कहा कि अगर एक महीने बाद भी उसकी शिकायत की सुनवाई नहीं हुई तो वह कंज्यूमर फोरम जाएगा.

आवेदन में लिखी ये बात

गौरतलब है कि फरियादी लोकेंद्र सेठिया पिता शिवनारायण सेठिया आर्य समाज मार्ग बहादुरगंज में रहता है. उसने शिकायत में बताया- 12 अप्रैल को मैंने अपने दोस्त के साथ क्षीर सागर स्थित प्रीति जायसवाल के ठेके से 4 क्वार्टर देशी शराब ली. जब साथी और मैंने दो क्वार्टर पीये तो ज्ञात हुआ ये शराब नहीं पानी है. जब हमने इसका विरोध किया तो ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा कहा गया जो बने कर लो, यहां ऐसा ही है।

वकील ने महिला को दौड़ा-दौड़कर पीटा,मदद के लिए लगाती रही गुहार

शहडोल। शहडोल के ब्यौहारी न्यायालय परिसर में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक वकील ने महिला को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा. महिला वहां खड़े लोगों से मदद मांगती रही, लेकिन कोई बीच में बचाव करने नहीं आया. लोग मूकदर्शक बने तमाशा देखते रहे. हालांकि, एक शख्स ने इस पूरी घटना का मोबाइल से वीडियो बना लिया. अब ये वीडियो वायरल हो गया है. पुलिस ने महिला की शिकायत पर वकील के खिलाफ कई धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, वायरल वीडियो शुक्रवार को सामने आया, जबकि घटना गुरुवार की है. ब्यौहारी न्यायालय परिसर में लोगों ने देखा कि एक महिला वकील के चैंबर से अचानक भागी. तो वकील ने उसका पीछा किया और हाथ पकड़ लिया. इसके बाद वकील ने महिला पर जमकर लात-घूंसे बरसाने शुरू कर दिए. इस बीच महिला चीखती रही और खुद को बचाने की गुहार लगाती रही. मारपीट के दौरान उसका दुधमुंहा बच्चा नीचे गिर गया था।

महिला का नाम भारती पटेल (26) पिता दशरथ पटेल है. वह ढ़ोड़ा गांव की रहने वाली है. उसका पति से विवाद चल रहा है. इसलिए उसने एडीजे न्यायालय ब्यौहारी में भरण पोषण की याचिका लगा रखी है. उसके साथ मारपीट करने वाले वकील का नाम भगवान सिंह(52) है।

लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

लाड़ली लक्ष्मियों के उल्लास व उत्साह से बेटीमय हुआ ग्वालियर

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट के मुख्य आतिथ्य में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर एवं सांसद श्री शेजवलकर भी हुए कार्यक्रम में शामिल

ग्वालियर। एक ओर उल्लास, उत्साह व उमंग से झूमतीं बेटियाँ तो दूसरी ओर कैनवास पर बालिका सशक्तिकरण के सुनहरे रंग बिखेरती बेटियाँ । एक ओर बेटियाँ व उनकी माताओं का सामूहिक जुंबा नृत्य तो दूसरी ओर भारतीय समृद्ध संस्कृति से ओत-प्रोत शास्त्रीय संगीत की मनोहारी प्रस्तुति । यहाँ बात हो रही है «लाड़ली लक्ष्मी उत्सव» के तहत मातृ दिवस पर बाल भवन में जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुए भव्य, आकर्षक एवं मनोहारी लाड़ली फेस्ट तथा जिला स्तरीय कार्यक्रम की । जिसमें लाड़ली लक्ष्मियों ने एक से बड़कर एक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर भी शामिल हुए। जिले भर में लगभग 300 स्थानों पर लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के तहत कार्यक्रम आयोजित हुए। इन कार्यक्रमों के फलस्वरूप सम्पूर्ण जिला बेटीमय नजर आया। प्रदेश सरकार की इस महात्वाकांक्षी योजना के तहत जिले की एक लाख से अधिक बेटियाँ अब तक लाड़ली लक्ष्मी बन चुकी हैं।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने बालिकाओं एवं उनकी माताओं के बीच पहुँचकर उन्हें शाबाशी दी। साथ ही भरोसा दिलाया कि आप सब आगे बड़कर अपने शहर, प्रदेश व देश का नाम रोशन करो, प्रदेश सरकार हर संभव मदद के लिये बेटियो के साथ खड़ी है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री श्री सिलावट एवं अन्य अतिथियों ने उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली जिले की लाड़ली लक्ष्मियों एवं एक या दो बेटी पर परिवार नियोजन कराकर समाज को बेटियों के प्रति सकारात्मक संदेश देने वाले दम्पत्तियों को सम्मानित किया। साथ ही 16 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकीं बालिकाओं को लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस प्रदान किए।

इस अवसर पर जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता, पूर्व विधायक श्री मदन कुशवाह, जिला पंचायत प्रशासकीय समिति के उपाध्यक्ष श्री शांतिशरण गौतम तथा सर्वश्री आशीष प्रताप सिंह राठौर व प्रतीक तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, संयुक्त संचालक महिला बाल विकास सुश्री सीमा शर्मा व जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री राजीव सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू करने के लिए पूरा प्रदेश मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञ है : श्री सिलावट

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 2007 में लाड़ली लक्ष्मी योजना के रूप में जो पौधा रोपा था, वह पुष्पित व पल्लवित होकर अब वृक्ष का रूप ले रहा है। इसके लिए पूरा समूचा प्रदेश मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रति कृतज्ञ है। प्रदेश सरकार की इस योजना ने सफलतापूर्वक महिला सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी इबारत लिखी है। इसे देश के अन्य राज्यों ने भी अपनाया है। उन्होंने कहा कि जो लाड़ली लक्ष्मी, कलेक्टर, डॉक्टर, इंजीनियर, कुशल प्रबंधक या कलाकार बनना चाहती हैं उनके सपने को पूरा करने में प्रदेश सरकार हर संभव मदद के लिये खड़ी है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बेटियों के माता-पिताओं की चिंता दूर की है: श्री शेजवलकर

सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बेटियों के माता-पिता की चिंता दूर कर दी है। उन्होंने कहा खुशी की बात है इस योजना का आज मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा दूसरा चरण शुरू किया जा रहा है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव एवं पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किए। आरंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन एवं कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने लाड़ली लक्ष्मियों एवं उनके माता-पिता पर इस अवसर पर पुष्प वर्षा भी की। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट सहित सभी अतिथियों ने इस अवसर पर स्वयं का सम्मान स्वीकार न कर नारी शक्ति को सम्मानित कराया।

संक्षिप्त समाचार

ग्वालियर में भी मनाया गया लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

बेटियां बोझ नहीं वरदान है: नीलिमा शिंदे

ग्वालियर। बेटियां बोझ नहीं वरदान है उन्हें सशक्त बनाने, समान अधिकार दिलाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। बेटियों के प्रति समाज की विचारधारा में परिवर्तन लाने के लिए प्रदेश में लाडली लक्ष्मी योजना अप्रैल 2007 से प्रारंभ की गई थी। उक्त उद्गार भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती नीलिमा शिंदे ने लाडली लक्ष्मी योजना 2.0 के शुभारंभ अवसर पर हरिदर्शन स्कूल, मामा का बाजार कन्या विद्यालय, गजराराजा कन्या विद्यालय, पदमा विद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। श्रीमती नीलिमा शिंदे ने कहा कि बच्चों की शिक्षा को बढावा देना है। बालिका जन्म के प्रति जनता में सकारात्मक सोच, लिंग अनुपात में सुधार हो साथ ही बालिकाओं का शैक्षिणक स्तर एवं स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार हो यही सरकार की चिंता थी, इसलिए सरकार ने बच्चियों के अच्छे भविष्य की आधारशिला रखने के लिए वर्ष 2007 से लाडली लक्ष्मी योजना प्रारंभ की थी और इसी का सुखद परिणाम यह है कि आज बेटी को समाज में बोझ के रूप में नहीं बल्कि ईश्वर के वरदान के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि बेटियां समाज के प्रत्येक क्षेत्र में चाहे वो ह सेना का क्षेत्र हो या न्यायिक व्यवस्था हो या खेल का क्षेत्र हो, बेटियां समाज के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ रही हैं और परिवार का और समाज का नाम रोशन कर रही है। इस अवसर पर विद्या थोराठ, करूणा सक्सैना, प्रियंका गर्ग, चेतन मंडलोई सहित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं महिला नेत्रियां उपस्थित थीं। इसी प्रकार ग्वालियर महा नगर के सभी केंद्रों पर लाडली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए गए इसके लिए भाजपा महानगर संगठन द्वारा 36 केंद्रों पर कार्यक्रम प्रभारी पहुंचे जिन्होंने कार्यक्रमों में दंपतियों जिन्होंने 2 बच्चों के बाद ऑपरेशन कराया है, उन्हें चेक एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली लाडली बालिकाओं का सम्मान भी किया। इन कार्यक्रमों में मुख्य रूप से राजू सेंगर, हरीश मेवाफरोश, विनोद शर्मा, दीपक शर्मा, कनवर मंगलानी, महेश जायसवाल, राकेश खुरासिया, हेमलता बुधौलिया, प्रमोद खंडेलवाल, सतीश साहू, मनोज मुटाटकर, उमेश सिंह भदौरिया, जयंत शर्मा, मनोज तोमर, लता सिंह, शर्मिला कुशवाह, केशव मांझी, शैली शर्मा, रामवीर सिंह तोमर, रामेश्वर सिंह, देवेंद्र पवैया, प्रयाग तोमर, गिरांज् कंसाना, ममता भिलवार, चेतना तोमर, शिल्पा खत्री उपस्थित रहे।

मंहगाई का दानव भाजपा की देन कांग्रेस ने किया पुतला दहन, यूवा नौकरी पाने के लिए बेचैन: डॉ. देवेन्द्र शर्मा

ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में आज लक्कड़खाना पुल पर मंहगाई का दानव, भाजपा की देन का पुतला दहन करते हुए जनता के बीच भाजपा को बेनकाब किया गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, विधायक प्रवीण पाठक, ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश चावला ने लक्क?खाना पुल पर भाजपा की मोदी ओर शिवराज सरकार का पुतला दहन करते हुए कहा कि मप्र में 19 साल की भाजपा सरकार और केन्द्र में मोदी की आठ साल की सरकार ने देश में मंहगाई का दानव पैदा कर दिया है।

निःस्वार्थ भाव से करें दूसरों की सेवा : न्यायमूर्ति श्री अहलूवालिया

विश्व रेडक्रॉस दिवस पर हुआ रक्तवीरों व सामाजिक संस्थाओं का सम्मान

ग्वालियर। विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा ग्वालियर द्वारा वर्ष भर दूसरों को रक्त देने वाले रक्तवीरों व सामाजिक संस्थाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर म.प्र. उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के न्यायमूर्ति श्री गुरपाल सिंह अहलूवालिया, अध्यक्षता प्रधान महालेखाकार मध्य प्रदेश ग्वालियर सुश्री गीताली तारे, आध्यात्मिक गुरू संत कृपाल सिंह, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, रेडक्रॉस के सचिव डॉ. आरके शर्मा एवं डॉ. केशव पांडे सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर न्यायमूर्ति श्री गुरपाल सिंह अहलूवालिया ने कहा कि आपके निःस्वार्थ भाव से किये गए कार्यों के कारण ही हम विश्व रेडक्रॉस दिवस मना रहे हैं। दूसरों की सेवा करना व जरूरत के समय काम आना इससे बडा पुण्य का कार्य नहीं हैं। हम प्रण करें कि दूसरों के साथ ऐसा व्यवहार न करें जो हम अपने लिए नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि हम भी चाहते हैं कि कोई अपराधी न बने परंतु चाहने से कुछ नहीं होता इसके लिये जागरूकता बहुत जरूरी है। इसी प्रकार ब्लड डोनेशन के लिये जागरूकता फैलायें जिससे ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद को ब्लड उपलब्ध हो सके। हम मनुष्य बने, दयालु बनें, कृपालु बनें इस पर कार्य करें।

इस अवसर पर प्रधान महालेखाकार सुश्री गीताली तारे ने कहा कि समाज में ऐसे बहुत से लोग हैं जिनको सहायता की आवशयकता है। अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को भी ब्लड उपलब्ध हो सके इसके लिये हम भी अपने विभाग में ब्लड डोनेशन के लिये जागरूकता अभियान चलाकर ब्लड डोनेशन करवायेंगें।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि ग्वालियर रेडक्रॉस प्रदेश में अच्छा कार्य कर रहा है। हम उनकी मदद करते हैं जिनकी हालात ठीक नहीं है, आपके इस पुनीत कार्य से जो ब्लड एकत्रित किया जाता है, इसका उपयोग जरूरत मंद के लिये किया जाता है। कोरोना काल में रेडक्रॉस ने बहुत अच्छा कार्य किया है।

साथ ही संत कृपाल सिंह ने कहा कि मानव सेवा का भाव हमारे अंदर हो तो ईश्वर कृपा हमें सहज ही प्राप्त हो जाती है। मानवीय भावनाओं के साथ ही रेडक्रॉस कार्य कर रहा है। हमारी शुभकामनायें हैं कि रेडक्रॉस इसी प्रकार जरूरत मंद की मदद करता रहे।

इस अवसर पर रेडक्रॉस के सचिव डॉ. आरके शर्मा ने रेडक्रॉस द्वारा वर्ष भर किये गए कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष शहर के जागरूक नागरिकों व सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से 8582 यूनिट ब्लड प्राप्त किया गया। आने वाले वर्ष में इससे ज्यादा का हमारा लक्ष्य है। जिससे हम ज्यादा से ज्यादा जरूरत मंद की मदद कर सकें। इसके साथ ही कोरोना काल में किये गए कार्यों की जानकारी भी दी। साथ ही कहा कि थेलोसिमिया के ग्रसित बच्चों, गरीबों व जरूरतमंदों को निशुल्क ब्लड उपलब्ध कराया जाता है।

इसके साथ ही ब्लड डोनेशन करने वाले रक्तदान वीरों व सामाजिक संस्थाओं का सम्मान किया गया। जिनमें श्री संजीव निगोतिया, श्री राजू खत्री, श्री सुधीर त्रिपाठी, श्रीमती सुरभि गुप्ता, श्री अनिल गुप्ता, डॉ. संजय कुमार पाण्डे, श्री धीरज गुप्ता, श्री हरभजन सिंह, श्री अमित अग्रवाल, श्री राम निरंकारी, श्री नवीन पराण्डे, श्री सुरेन्द्र कुशवाह, श्री हरीश मेवाफरोस, श्री मोहन लाल पाठक, श्री सुधीर दुरापे तथा 40 सामाजिक संस्थाओं का सम्मान किया गया।

पंचकल्याण महोत्सव में चौथे दिन जन्मकल्याणक पर निकाली शोभायात्रा

दतिया/ग्वालियर-अयोध्य नगरी 24 समवशरण भक्तिपूजा तीर्थ में उच्चरणाचार्य विनम्र सागर महाराज ससंघ गणिनी आर्यिकाश्री विभाश्री माताजी एवं निदेशक मुनिश्री विज्ञ सागर महाराज व मुनिश्री विनय सागर महाराज के सानिध्य श्रीमद्जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव विश्वाशांति महायज्ञ के चौथे दिन आज रविवार को बालक तीर्थंकर आदिकुमार का जन्म कल्याणक, पांडुकशिलाभिषेक, गणिनी आर्यिकाश्री विभाश्री का 11 गणिनी पद दिवस, और रात्रि में बालक का पालना झूलने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंचकल्याण महोत्सव में उच्चरणाचार्य श्री विनम्र सागर महाराज के सानिध्य में गणिनी आर्यिका विभाश्री माताजी का 11 गणिनी पद दिवस मनाया गया। गणिनी आर्यिकाश्री को नवीन पिच्छी देवेंद्र नगर जैन समाज के समाजजनों ने आचार्यश्री द्वारा विभाश्री माता जी को भेंट की। शास्त्र भेंट प्रकाश चंद्र जैन परिवार ने किया।पुरानी पिच्छी।लेने का सौभाग्य संतोष पाटनी कोटा को मिला। वही आचार्यश्री ने नितिन पाटनी सीपुर को कालचक्र की उपाधि एवं चक्रेश जैन ग्वालियर को गुरु भक्त वात्सल्य उपाधि से सम्मानित किया।

मानसिक आरोग्यशाला में उपचार करा रहे सभी मरीजों का कराएँ विशेष स्वास्थ्य परीक्षण : चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग

स्वस्थ हुए मरीजों को उनके घर भेजने का करें प्रबंध

अव्यवस्थाएँ मिलने पर सफाई एजेन्सी का दो माह का मानदेय रोकने के निर्देश

ग्वालियर। प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कहा है कि ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला में उपचार करा रहे सभी मरीजों का विशेष स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत जो मरीज पूर्णतः स्वस्थ हो गए हैं उन्हें उनके घर भेजने की व्यवस्था भी की जाए। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सारंग ने रविवार को मानसिक आरोग्यशाला का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला में निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी, ग्वालियर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष श्री अभय चौधरी, श्री उदय अग्रवाल, अधीक्षक मानसिक आरोग्यशाला डॉ. संजय लहारिया सहित चिकित्सकगण उपस्थित थे।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कहा है कि मानसिक आरोग्यशाला में भर्ती सभी 255 मरीजों का विशेष स्वास्थ्य परीक्षण चिकित्सकों के माध्यम से कराया जाए। इसके साथ ही आंशिक रूप से ठीक हो गए मरीजों को लॉग स्टे होम में रखने की व्यवस्था भी की जाए। निरीक्षण के दौरान गंदगी पाए जाने पर उन्होंने स्वच्छता एजेन्सी का दो माह का पारिश्रमिक रोकने के निर्देश भी दिए।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सारंग ने मानसिक आरोग्यशाला के जनरल वार्ड में महिलाओं एवं पुरूषों के लिये पृथक-पृथक नवीन शौचालय निर्माण के भी निर्देश दिए। उन्होंने मानसिक आरोग्यशाला के अधीक्षक को यह भी निर्देशित किया है कि उपचार करा रहे मरीजों को खाने-पीने एवं मूलभूत सुविधाओं में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आना चाहिए।

संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने बताया कि मानसिक आरोग्यशाला के लिये नया लॉग स्टे होम निमाण का भी तैयारी की जा रही है। वर्तमान में संचालित लॉग स्टे होम में 25 महिलाओं को रखा गया है। जिनमें से 4 महिलाओं को स्वस्थ होने के पश्चात उनके परिजन अपने साथ घर भी ले गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मानसिक आरोग्यशाला में उपचार करा रहे मरीजों को विभिन्न वस्तुओं के निर्माण का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उनके द्वारा तैयार की गई सामग्री के विक्रय हेतु ग्रामीण हाट बाजार में एक दुकान भी आरक्षित की गई है।

संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने बताया कि मानसिक आरोग्यशाला के माध्यम से चिकित्सा के क्षेत्र में भी कार्य किया जा रहा है। संस्था के लिये मैचिंग ग्रांड के भी प्रस्ताव भेजे गए हैं।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने मानसिक आरोग्यशाला में क्लीनिक का किया शुभारंभ

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने निरीक्षण के उपरांत मानसिक आरोग्यशाला में प्रारंभ की गई चिकित्सा क्लीनिक का भी फीता काटकर शुभारंभ किया। इस क्लीनिक के माध्यम से प्रतिदिन मरीजों का उपचार और स्वास्थ्य परीक्षण होगा। क्लीनिक में आम जनों के लिये उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में भी चिकित्सकों ने विस्तार से जानकारी दी।



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478